e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 132
मंगलवार
16.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आप जिस भी स्थिति में हैं, आप वहीं से लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश कीजिये, बजाए किसी के आगे हाथ फैलाने के।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान
अधिकतम 40°
न्युनतम 24°

## क्विक न्यूज

### दिल्ली शराब घोटाले में इंडिया अहेड चैनल के चीफ गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी घोटाले की जांच के सिलसिले में सोमवार को 'इंडिया अहेड न्यूज' चैनल के वाणिज्यिक प्रमुख एवं प्रोडक्शन कंट्रोलर अरविंद कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि सिंह ने हवाला माध्यमों से 17 करोड़ रुपये साउथ ग्रुप को भेजे थे। उन्हें सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। सीबीआई इस मामले में उनके हिरासत की मांग करेगी।सीबीआई ने इस मामले में एक आरोपपत्र और एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। पूरक आरोपपत्र दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ दायर किया गया है।

### तमिलनाडु में जहरीली शराब का कहर, तीन महिलाओं समेत 10 की मौत

**चेंगलपट्टू (तमिलनाडु) :** तमिलनाडु के विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में कथित तौर पर जहरीली शराब के सेवन से तीन महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा है कि विल्लुपुरम जिले के मरक्कनम के पास एकियारकुप्पम में छह लोगों की रविवार को मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक चेंगलपट्टू जिले के मदुरंथगम में शुक्रवार को दो लोगों की मौत हो गई और रविवार को एक दंपति की मौत हो गई। इन चारों की मौत भी कथित रूप से जहरीली शराब के सेवन से हुई है। 24 से अधिक लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस महानिरीक्षक (उत्तर) एन कन्नन ने कहा है कि सभी 10 पीड़ितों ने संभवतः इथेनॉल-मेथनॉल पदार्थों के साथ जहरीली शराब का सेवन किया था। दोनों जिलों के तीन इंस्पेक्टर और चार सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा, छह की मौत

**रायपुर :** बलौदाबाजार-रायपुर हाइवे पर आज सुबह एक ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप से टकरा गया। इस हादसे में पिकअप सवार छह लोगों की मौत हो गई। इनमें पांच महिलाएं व एक बच्चा शामिल है। यह हादसा पलारी थाना क्षेत्र में हुआ है। हादसे में करीब 25 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर डायल 112 और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। यह हादसा गोडा पुलिया के पास हुआ है। पिकअप सवार पीड़ित छठी से लौट रहे थे।

### मोचा से बच गया पश्चिम बंगाल, म्यांमार में मचाई तबाही

**कोलकाता :** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात मोचा के कहर से पश्चिम बंगाल तो बच गया पर इससे म्यांमार में तबाही हुई है। रविवार देरात चक्रवात म्यांमार के सीतवे समुद्र तट से टकराया। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। 210 किलोमीटर से अधिक रफ्तार से चली आंधी से सैकड़ों घर और पेड़ गिर गए। इससे यातायात, बिजली आदि की आपूर्ति बाधित हुई है। चक्रवात बांग्लादेश के भी कॉक्स बाजार समुद्र तट के करीब पहुंच चुका है। आज दोपहर तक लैंडफॉल करेगा। हालांकि मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि चक्रवात अब निम्न दबाव में तब्दील हो रहा है। इसलिए बांग्लादेश में जानमाल का अधिक नुकसान नहीं होगा। चक्रवात के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के समुद्र तटीय क्षेत्र पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण और उत्तर 24 परगना में तेज हवा के साथ रात से ही बारिश हो रही है। कोलकाता के भी कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है। बिहार और झारखंड के लोगों को देरात तेज आंधी-तूफान का सामना करना पड़ा। विभाग ने बताया है कि सोमवार को राजधानी कोलकाता में न्यूनतम तापमान 26.1 और अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के करीब रहेगा।

## कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक गहमागहमी और बैठकों का दौर जारी

# सीएम को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा

**एजेंसी**

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर राजनीतिक गहमागहमी और बैठकों का दौर जारी है। कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक गहमागहमी यानी हाई वोल्टेज ड्रामा का सीन है। वहीं कर्नाटक में डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के समर्थकों के बीच पोस्टर वॉर छिड़ी हुई है। दोनों नेताओं के समर्थक अपने-अपने नेता को अगला सीएम बता रहे हैं। सीएम पद के तगड़े दावेदार डीके शिवकुमार का जन्मदिन सोमवार को धूमधाम से मना। चर्चा है कि क्या कांग्रेस उन्हें जन्मदिन के गिफ्ट के तौर पर सीएम की कुर्सी देगी या फिर से अपने अनुभवी नेता सिद्धारमैया पर दांव लगाएगी। कर्नाटक के लिए कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुशील शिंदे, जितेंद्र सिंह और दीपक बाबरिया दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर पहुंच कर मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर विधायकों की राय के मुताबिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि हमने एक सिंगल लाइन रिजॉल्यूशन पास किया है। हमारे पास 135 विधायक हैं, सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री नियुक्त करने का मामला पार्टी आलाकमान पर छोड़ दिया है। मेरा मकसद कांग्रेस पार्टी के जरिए कर्नाटक की सेवा करना है। पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने दावा किया है कि अधिकतर विधायकों की राय मेरे पक्ष में है। सिद्धारमैया ने ये भी कहा कि उनके और डीके शिवकुमार के संबंध अच्छे हैं। पार्टी जल्द ही मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर सकती है. बेंगलुरु के एक होटल में रविवार को विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें पार्टी के सभी नवनिर्वाचित 135 विधायकों ने हिस्सा लिया. मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए विधायकों ने वोटिंग की. विधायकों में किसी ने शिवकुमार, तो किसी ने सिद्धारमैया, किसी ने डॉक्टर जी परमेश्वर, किसी ने खड़गे तो किसी ने लिंगायत नेता एमबी पाटिल के नाम का सुझाव दिया. कुछ विधायकों ने पार्टी हाईकमान पर फैसला छोड़ दिया. पर्यवेक्षक बैलट बॉक्स को कांग्रेस आलाकमान के सामने वोटों की गिनती करेंगे.अधिकतम मत प्राप्त करने वाले नेता का नाम गुप्त रखा जाएगा। क्योंकि, मतदान केवल राय जानने के लिए ऐसा किया गया। चर्चा के अनुसार बहुत जल्द फैसला लिया जा सकता है. सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को नए मुख्यमंत्री और 30 कैबिनेट सदस्य शपथ ले सकते हैं.

### सीएम उम्मीदवार डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया समर्थकों के बीच छिड़ा पोस्टर वॉर

**सिद्धारमैया के पक्ष में अधिकांश विधायक**

सिद्धारमैया ने सत्ता में साझेदारी का सुझाव देते हुए कहा कि पहले 2 साल उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए और बाद के 3 साल डीके शिवकुमार को सीएम की कुर्सी सौंपी जाए. सिद्धारमैया ने कहा कि चूंकि वह उम्रदराज़ हैं, इसलिए वह कम से कम 2024 के संसदीय चुनावों तक पहले चरण में सरकार चलाना चाहते हैं. सिद्धारमैया के पक्ष में अधिकांश विधायक भी हैं। हालांकि शिवकुमार ने सिद्धारमैया के इस फॉर्मूले को राजस्थान और छत्तीसगढ़ का हवाला देते हुए खारिज कर दिया.



**मेरी ताकत मेरे 135 विधायक हैं : शिवकुमार**

शिवकुमार ने कहा कि मेरी ताकत मेरे 135 विधायक हैं और मेरे नेतृत्व में कांग्रेस ने 135 सीटें जीती हैं. उन्होंने कहा कि मैं एक बात में विश्वास करता हूं, साहस वाला अकेला आदमी बहुमत बनाता है. मैं यह नही बताना चाहता कि पिछले 5 सालों में क्या-क्या हुआ है. मैंने राहुल, सोनिया और खड़गे को आश्वासन दिया कि मेरा उद्देश्य कर्नाटक को कांग्रेस पार्टी तक पहुंचाना है. हमने उन्हें लिखित में भी आश्वासन दिया था कि हम काम करेंगे, बाकी फैसला आलाकमान लेगा.

### मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले हेमंत सोरेन, कर्नाटक जीत पर दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर खड़गे को बधाई दी। दोनों के बीच वर्तमान और भविष्य के राजनीतिक परिदृश्यों पर चर्चा हुई। बात दें कि कर्नाटक में 135 सीट जीत कर कांग्रेस ने इतिहास रच दिया है



## बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में जताई असमर्थता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिहार के बांका स्थित चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के मामले में सोमवार को बिहार सरकार एवं झारखंड सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया। बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई है। झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को बिहार के बांका स्थित चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस मामले में दोनों सरकारों की ओर से बताया गया कि उनके हिस्से के कैनाल सिस्टम की मरम्मत नहीं हो पाई है, जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा। बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई है। झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। याचिकाकर्ता ने बिहार और झारखंड सरकार के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने के लिए कोर्ट से समय मांगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी। पिछली सुनवाई में झारखंड सरकार की ओर से बताया गया था कि झारखंड के हिस्से में आने वाले चंदन डैम के चार कैनाल सिस्टम के रिपेयर का काम इस साल के अंत तक कर दिया जाएगा। बिहार सरकार की ओर से बताया गया था कि उसके हिस्से के कैनाल सिस्टम को रिपेयर कर दिया गया है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चंदन डैम में 6 कैनाल सिस्टम है, जिनमें चार कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है, जिसका रिपेयर करना जरूरी है, ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके।

## राष्ट्रपति आएंगी रांची, ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल



**राष्ट्रपति 25 मई को रांची आ रही हैं। समारोह में बीटेक और एमटेक के 2019-23 के करीब 120 विद्यार्थी डिग्री हासिल करेंगे। समारोह में राष्ट्रपति के हाथ से विषयों के टॉपर्स को मेडल दिया जाएगा।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके लिए राष्ट्रपति भवन से मंजूरी मिल गयी है। इस समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति 25 मई को रांची आ रही हैं। समारोह में बीटेक और एमटेक के 2019-23 के करीब 120 विद्यार्थी डिग्री हासिल करेंगे। समारोह में राष्ट्रपति के हाथ से विषयों के टॉपर्स को मेडल दिया जाएगा। यह दीक्षांत समारोह पहले जून में होना था, लेकिन राष्ट्रपति के मई में झारखंड आगमन के कार्यक्रम को देखते हुए इसे पहले किया गया है। समारोह में बीटेक के दो ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड और एक-एक सिल्वर मेडल दिया जायेगा। एमटेक दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी- के टॉपरों के बीच एक-एक गोल्ड मेडल बंटेगा। इसके अलावा एक बेस्ट गर्ल स्टूडेंट मेडल, एक इंस्टीट्यूट मेडल और एक बेस्ट स्टूडेंट शील्ड प्रदान किया जाएगा।

## अविवादित होता है सरल कानून : अमित शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कठिन शब्दों में ड्राफ्ट किया हुआ कानून हमेशा विवाद खड़ा करता है। कानून जितना सरल और स्पष्ट शब्दों में लिखा होता है, उतना ही अविवादित होता है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमवार को संसद भवन परिसर में विधायी प्रारूपण पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अदालत को हस्तक्षेप करने का मौका न मिले, ऐसा कानून बनाना अच्छे कानून के ड्राफ्टिंग का मॉडल है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सरल और स्पष्ट भाषा में कानून को ड्राफ्ट करने का होना चाहिए।



शाह ने आज संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक निकायों के केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए आयोजित लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग सम्बन्धी ट्रेनिंग प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग हमारे लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण अंग है। इसके बारे में जानकारी का अभाव न केवल कानूनों और पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को निर्बल करता है, बल्कि न्याय प्रणाली के कार्यों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने आगे कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके स्किल में समयानुसार बदलाव, बढ़ोत्तरी और अधिक दक्षता होता रहनी चाहिए।।शाह ने कहा कि संसद और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक इच्छा को कानून के सांचे में ढालने का काम लेजिस्लेटिव डिपार्टमेंट का होता है। उन्होंने कहा कि पॉलिटिकल विल, लोगों की समस्याओं के समाधान के रास्तों और देश की अलग-अलग जरूरतों को कानून स्वरूप देने का काम लेजिस्लेटिव विभाग का है और इसलिए ड्राफ्टिंग बहुत महत्वपूर्ण है। शाह ने आगे कहा कि ड्राफ्टिंग जितनी अच्छी होगी, शिक्षा उतनी ही सरल हो जाएगी और एक्जीक्यूटिव द्वारा गलती करने की संभावना उतनी ही कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्राफ्टिंग में ग्रे एरिया छोड़ने से व्याख्या करते समय इसमें एन्क्रोचमेंट की संभावना रहेगी और अगर ड्राफ्टिंग परिपूर्ण व स्पष्ट है तो इसकी व्याख्या भी स्पष्ट हो जाएगी।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कैपेसिटी बिल्डिंग एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और राज्यों के विधान मंडलों, देश की संसद और राज्यों व देश के हर विभाग में कानून बनाने वाली टीम के स्किल का अपग्रेडेशन होना बहुत जरूरी है। दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है और हमें बदलती हुई दुनिया के साथ कदम उठाने होंगे। कानूनों को आज की जरूरतों के हिसाब से नए सांचे में भी ढालना होगा। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बायोफ्लॉक पद्धति से मछली उत्पादन कर चाईबासा के युवा लिख रहे आत्मनिर्भरता की कहानी

# बंद खदानों में भी हो रहा मछली पालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर संक्रमण काल में प्रारंभ की गई अधिसूचित योजनाएं अब सुखद परिणाम सामने लेकर आ रहीं हैं। इससे एक ओर जहां पलायन कम हुआ है, वहीं युवा अब मछली पालन कर आत्मनिर्भर बन रहें हैं। यही वजह है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2022-23 करीब 23 हजार टन अधिक मछली का उत्पादन हुआ। साथ ही, मछली उत्पादन के कारोबार से 1.65 लाख किसान एवं मत्स्य पालक जुड़े। संक्रमण काल के दौरान प्रारंभ की गई अधिसूचित योजनाओं का लाभ लाभुकों को देने में चाईबासा जिला प्रशासन आगे रहा। यहां के युवाओं ने भी आगे बढ़कर योजनाओं का लाभ लिया। यहां के युवाओं ने बायोफ्लॉक तकनीक की मदद से जमीन के छोटे भू- भाग पर कम पानी एवं औसत लागत के बाद कोमोनकार/मोनोसेल्स/तेलपियी जैसी प्रजाति की मछली का पालन कर प्रति टैंक 4-5 क्विंटल उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। पूर्व में बेरोजगारी की वजह से पलायन की मंशा रखने वाले यहां के युवाओं को जिला मत्स्य कार्यालय के तत्वाधान में कोविड-19 आपदा के दौरान अधिसूचित योजना के तहत 40 से 60त्न अनुदान पर संचालित तकनीक से प्रोत्साहित कर लाभान्वित किया गया, परिणाम स्वरूप आज सभी अपने क्षेत्र में रहकर बेहतर जीवकोपार्जन कर रहे हैं। ऐसा नहीं कि चाईबासा में सरकार सिर्फ बायोफ्लॉक विधि से मछली उत्पादन को प्राथमिकता दे रही है। जिले के सदर प्रखंड में मोदी जलाशय, चक्रधरपुर प्रखंड में जैनासाई जलाशय, बंदगांव प्रखंड में नकटी जलाशय, सोनुआ प्रखंड में पनसुआ जलाशय, मँझगांव प्रखंड में बेलमा जलाशय, मंझारी प्रखंड में तोरलो जलाशय समेत अन्य जलाशयों में अब स्थानीय लोगों को मछली पालन और पर्यटन से जोड़ा गया है, जो उनकी नियमित आमदनी का जरिया बन गया है।




**मिल रहा प्रोत्साहन और प्रशिक्षण:** मछली उत्पादन की आधुनिक विधि और किसान समेत मत्स्य पालकों को नियमित रूप से मिल रहे प्रोत्साहन और नियमित प्रशिक्षण का प्रभाव है कि युवा इस ओर अपनी रुचि दिखा रहें हैं और मछली उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सरकार की ओर से पहले की तुलना में किसानों को जरूरत के मुताबिक संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बायोफ्लॉक से मछली पालन, सतत आय के लिए जलाशयों में केज कल्चर से मछली पालन, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नौका विहार तथा बेहतर तकनीक की उपलब्धता से अधिकाधिक कृषि उत्पादन प्राप्त करने के लिए स्थानीय नवयुवकों को विभिन्न विभागों के सहभागिता पर जागरूक किया गया। जिसके उपरांत नवयुवकों, कृषकों व समितियों को उनके रूचि के अनुसार प्रशिक्षण तदुपरांत विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में लाभुक अंशदान या जिले में उपलब्ध मद से पूर्ण अंशदान के माध्यम से सभी को प्रोत्साहित किया गया। अब स्थानीय स्तर पर रोजगार का अवसर प्राप्त होने के बाद युवा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रगतिशील है तथा घर में ही संचालित रोजगार से बेहतर आमदनी प्राप्त कर अन्य युवाओं के लिए मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं।
**अनन्य मित्तल, उपायुक्त**
**पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा**

### एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित बने वायु सेना के उप प्रमुख, कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली:** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सोमवार को वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। एयर मार्शल एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होने के साथ-साथ एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट भी हैं। उन्हें मिग-21, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाने का अनुभव भी है। पिछले 23 सालों से आशुतोष दीक्षित वायुसेना का हिस्सा रहे हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में दीक्षित ने 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3200 घंटे की उड़ान भरी है। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और रक्षक में भाग लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला चेतना मंच ने तरबूज व खीरा का किया वितरण

**रांची** : महिला चेतना मंच रांची ने बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए चेतना मंच के द्वारा 60 किलो तरबूज और 30 किलो खीरा हरमू रोड गोशाला के पास जरूरतमंद एवं राहगीरों के बीच बांटा। इस्मे अध्यक्ष उषा मंत्री, शारदा केडिया, प्रभा मोदी, उमा साबू, चंदा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, मंजू काबरा, मीना शाह, सरोज राठी, रश्मि गोयंका के सहयोग से ये कार्यक्रम सफल हुआ। इससे पहले भी 25 अप्रैल को 20 किलो सत्तू भी पिलाया गया और साथ में 15 किलो चना और 30 किलो खीरा भी वितरण किया गया। इसी प्रकार संस्था निरंतर विभिन्न प्रकार की सामाजिक कार्य करती रहती है और आगे भी करती रहेगी। इस संस्थान में 60 वर्ष उम्र के ऊपर की महिलाएं शामिल हैं, जिन्की संख्या लगभग 35 है।

### राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप होगा झारखंड में

**रांची** : ईस्ट इंडिया में पहली बार झारखंड प्रदेश को रोड स्पीड स्केटिंग का चौथा नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए चयनित किया गया है। यह राष्ट्रीय आयोजन खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होटवार स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में सुभारंभ तथा इसके के समीप रोड पर खेल का आयोजन आगामी एक से पांच जून के बीच होगा। होटवार स्थिर खेलगांव में अंतर्राष्ट्रीय मानक का बेंड ट्रैक, स्केटिंग रिंक, रोलर एंड इन लाइन हॉकी रिंक एवं स्केट बोर्ड स्टेडियम राज्य सरकार के द्वारा करोड़ों की लागत से तैयार किया जा रहा है। इस स्केटिंग के नेशनल स्तर के आयोजन में पूरे हिंदुस्तान के 28 राज्यों एवं 8 केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1200 खिलाड़ियों की भागीदारी होगी।

# साइबर क्राइम को रोकना बेहद जरूरी : डीजीपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के साथ-साथ साइबर क्राइम को रोकना बेहद जरूरी है। अब साइबर क्राइम के जरिए वाट्सएप कॉल कर रंगदारी मांगी जा रही है। ऐसे मामलों के अनुसंधान के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डीजीपी सोमवार को होटवार स्थित पुलिस अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में छह साइबर थाने के सहयोग से साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से छह साइबर थाने और खोलने का अनुरोध किया गया है। जिससे पूरी तरह से साइबर अपराध पर लगाम लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से पुलिस पदाधिकारियों को बहुत सी जानकारियां दी जा रही हैं। इससे उन्हें साइबर मामले से जुड़े केस में काफी मदद मिलेगी। साथ ही साइबर से जुड़े केस का त्वरित गति से समाधान हो सकेगा। मौके पर डीजी सीआईडी ने बताया कि झारखंड में साइबर अपराध की रोकथाम और केस के बेहतर अनुसंधान के लिए पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसे लेकर झारखंड सीआईडी की ओर से भारतीय साइबर समन्वय केंद्र और उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

यह कार्यक्रम तीन भागों में आयोजित किया गया है। ट्रेनिंग प्रोग्राम में सीआईडी ने टूल्स एंड टेक्नोलॉजी पर इंट्रोडक्टरी सेशन दिया। इसमें विभिन्न तकनीकों जैसे ईमेल हैडर, मोबाइल फोन प्रौद्योगिकियों, सीडीआर आईपीडीआर विश्लेषण और वायरशार्क जैसे एडवांस टूल्स के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे भाग में जितेंदर सिंह और रूसी मेहता ने 14 सी के बारे में जानकारी दी। दोनों ने एडवांस ट्रेनिंग, नवीनतम साइबर अपराध की प्रवृत्ति, क्रिप्टोकरेंसी और चीनी ऋण देने वाले एप्स के बारे में बताया। कार्यक्रम के तीसरे भाग में उत्तराखंड साइबर डीएसपी अंकुश मिश्रा ने ट्रेनिंग दी। जहां वो डिजिटल साइबर जांच से संबंधित कई प्रकार की जानकारी पुलिस अफसरों को दिये।सीआईडी एसपी एस कार्तिक ने बताया कि साइबर अपराधी नये-नये तरीके से साइबर अपराध कर रहे है। इसे देखते हुए पुलिस पदाधिकारियों को तकनीक की पूरी जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण से साइबर अपराध से जुड़े मामलों में पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान में लाभ होगा। प्रशिक्षण में 46 पुलिसकर्मी को ट्रेनिंग दी जा रही है।

# पुलिस ने 2 ब्राउन शुगर सप्लायर को दबोचा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली चौक के नजदीक यू एन आई हाइट्स मार्केट से साइबर डीएसपी यशोधरा के नेतृत्व में छापेमारी कर ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाली एक महिला और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से काफी मात्रा में ब्राउन शुगर भी बरामद होने की बात सामने आ रही है। सोमवार को सुबह यूएन आइ हाइट्स मार्केट के आसपास की कुछ महिलाएं इकट्ठा हुई और मार्केट में रहने वाली महिला पर उसे काफी दिनों से शक था। शक को सच में तब्दील करने के लिए एक युवक को ब्राउन शुगर खरीदने के लिए भेजा। ब्राउन शुगर सप्लायर महिला जिसकी पहचान यासमीन के रूप में हुई है उसने उस ग्राहक से हजार रुपए लेकर ब्राउन शुगर दी । तभी महिलाएं हंगामा करने लगी और इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दी गई। हंगामा की खबर सुनते ही साइबर डीएसपी यशोधरा , लोअर बाजार थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी सभी घटनास्थल पर पहुंचे और



महिला यासमीन और उसके करीबी एजाज उर्फ क्यामत बबलू को हिरासत में ले लिया । उसके कमरों की तलाशी ली गई जहां काफी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद किए जाने की बात कही जा रही है । जिसकी जांच लोअर बाजार थाने में हो रही है । आसपास की महिलाओं का कहना था कि यह महिला पहले भी जेल जा चुकी है। कुछ दिन पहले भी की क्यामत बबलू को लोअर बाजार पुलिस उठाई थी, लेकिन किसी कारणवश उस पर ब्राउन शुगर बरामदगी नहीं होने की बात कहते हुए उसे छोड़ दिया था। इन लोगों में कोई सुधार नहीं हुआ है। लगातार आसपास के युवाओं को ब्राउन शुगर देकर उसे नशे का आदि बना रहा है, जिससे न सिर्फ युवक नशा में डूबे रहा है बल्कि पूरा घर परिवार तबाह हो रहा है। आसपास के लोग भी काफी परेशान हैं।

**क्या कहा थाना प्रभारी:** थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया सूचना मिलने पर हम लोगों ने पूर्व में भी छापामारी किए थे और क्यामत बबलू को उठाया भी था, लेकिन उसके पास उस वक्त कुछ नहीं मिला, इसलिए उसे हिदायत देते हुए छोड़ दिया था, लेकिन वह सुधरा नहीं । फिर महिलाओं ने अपने स्तर से महिला समिति के माध्यम से वहां पर जमा हुई और इसका विरोध की जिसमें पुलिस वहां घटनास्थल पर पहुंची और उन लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही उम्मीद है कि इन लोग किसी बड़े गिरोह के लिए काम करते हैं ।

सिटी एसपी शुभांशु जैन ने कहा है कि कुछ दिन पहले वहां पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया था, इसके बाद भी इन लोगों में डर और भय पैदा नहीं हुआ ।इन महिलाओं के सहयोग से हम लोगों को सफलता मिली है हम लोग और कोशिश कर रहे हैं कि ब्राउन, अफीम का मुख्य सप्लायर कौन है,ताकि वहां तक पहुंचा जा सके।

# राज्यपाल से मिले राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने राज भवन में भेंट की। चौधरी ने राज्यपाल को खाद्य आयोग की गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल ने आयोग को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों विशेष कैम्प लगाने का निर्देश दिया।

# डीसी और एसएसपी ने डॉ. करमा उरांव को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने डॉ. करमा उरांव के न्यू मोरहाबादी आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दोनों अधिकारी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से डॉ. करमा उरांव के आवास गए थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दिल्ली प्रवास पर हैं। डॉ. उरांव के निधन की खबर सुनते ही मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना में कहा कि महान शिक्षाविद तथा आदिवासी उत्थान के प्रति हमेशा सजग रहने और चिंतन करने वाले



डॉ. करमा उरांव के निधन का दुःखद समाचार मिला। डॉ. उरांव से कई विषयों पर मार्गदर्शन मिलता था। उनके निधन से आज मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

# राजभवन के समक्ष होमगार्ड जवानों ने किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले राज्यभर के हजारों होमगार्ड जवान झारखंड सरकार के खिलाफ सोमवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया। इससे पूर्व होमगार्ड के जवान मोरहाबादी में जमा हुए और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले थे। लेकिन उन्हें राजभवन के समक्ष रोक दिया गया। इसके बाद सभी होमगार्ड के जवान राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किये। मौके पर प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार गठन से पूर्व राज्य में कार्यरत सभी होमगार्ड जवानों को नियमित करने, समान काम के बदले समान वेतन सहित अन्य सुविधाएं देने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन ने तीन वर्ष बाद भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने होमगार्ड के जवानों की मांगों को अनसुना कर दिया। ऐसे में अब राज्य में सेवारत हजारों होमगार्ड जवान विरोध कर रहे हैं। तिवारी ने कहा कि सरकार मांग पूरी नहीं करेगी तो होमगार्ड के जवान अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रमुख मांगों में पुलिसकर्मियों की तरह वेतन और अन्य सुविधाएं देने और समान काम के बदले समान वेतन देने, नियमित डयूटी देने और सेवानिवृत्त होने पर एक मुश्त भुगतान करने सहित अन्य मांग शामिल है।

# एटीएस ने भोला पांडे गिरोह के दो गुर्गों को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर में छिपकर रह रहे कुख्यात भोला पांडे गिरोह के दो गुर्गे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सुभाष कुमार सिंह उर्फ बाघा (29) और इरफान उर्फ छोटू (23) शामिल हैं। इनके पास से एक छह चक्रीय रिवाल्वर, 50 चक्र जिंदा कारतूस , एक मैगजीन, दो लाख 40 चालीस हजार नकद, आठ मोबाइल फोन और और दो पेन ड्राइव सहित



अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। एटीएस के एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने सोमवार को बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से झारखंड राज्य में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इन गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्रोतों, हवाला चैनल और इनके द्वारा अपराध से अर्जित की हुए संपत्ति का पता लगाने को कहा गया है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात भोला पाण्डेय गिरोह के 02 गुर्गे पुन्दाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर में छुपकर रह रहे हैं। दोनों फायरिंग, हत्या एवं रंगदारी के कई मामलों में वांछित हैं। सूचना पर एटीएस टीम ने छापेमारी कर दोनों अपराधियों को पुंदाग थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक भाड़े के घर से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि ये दोनों बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बिदका बाउरी की हत्या के वांछित आरोपित हैं, जिसका अनुसंधान एटीएस की ओर से किया जा रहा है।

# प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक आज


प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में पार्टी की एक दिवसीय कार्यसमिति की बैठक महिलौंग सरला बिरला स्कूल परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित है। यह जानकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री, मुख्यालय प्रभारी एवं महासंपर्क अभियान के संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई, विधायक दल के नेता मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन



महामंत्री कर्मवीर सिंह का सांगठनिक विस्तार सहित आगामी महासंपर्क अभियान के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक में मार्गदर्शन करने के लिए महासंपर्क अभियान केंद्रीय टोली की सदस्या पूर्व सांसद एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सरोज पांडेय भी पधार रही हैं। डॉ वर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र 10.30 बजे पूर्वाह्न आयोजित है और समारोह अपराह्न चार बजे होगा। प्रतिनिधियों के पंजीकरण नौ बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कोर कमिटी सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,विशेष आमंत्रित सदस्य, सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठ, विभाग के संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, महासंपर्क अभियान के लिए प्रदेश टोली के सदस्य, जिलों में गठित महासंपर्क अभियान के संयोजक, सह संयोजक गण की उपस्थिति अपेक्षित है।

# झारखंड को आज से मिल सकती है गर्मी से राहत, बरसात का पूर्वानुमान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड को झुलसा देने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों से 16 मई से कुछ दिन तक राहत मिल सकती है। इस समय राज्य के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। पंखे और कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे।

रांची मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि 16 मई से 19 मई तक झारखंड सहित आसपास के राज्यों में बारिश होने की संभावना है। मेघ गर्जना भी हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। तेज हवा भी चल सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

उन्होंने बताया कि उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ते ट्रफ के कारण झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश होने के आसार हैं। इस समय गोड्डा का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। डाल्टेनगंज सर्वाधिक गर्म शहरों की सूची में शामिल है।

# आईपीएस डॉ एम तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

**रांची :** झारखंड 2008 बैच के तेजतर्रार आईपीएस डॉ एम तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। इस संबंध में केंद्र सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि डॉ. एम. तमिलवानन की प्रतिनियुक्ति हैदराबाद के वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी( एसवीपीएनपीए ) में उप निदेशक के रूप में की गई है। साथ ही राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि डॉ. एम. तमिलवनन को तुरंत कार्यमुक्त करें, ताकि वे केंद्र में अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकें।

# हज यात्रियों की सेवा के लिए बिहार झारखंड से चिकित्सकों को नहीं मिली जगह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा देशभर के विभिन्न राज्यों से हज 2023 में जाने वाले हज यात्रियों की सेवा के लिए सभी राज्यों के जिलों से चिकित्सकों को हज यात्रियों के साथ भेजा जा रहा है, ताकि हज के दौरान किसी भी तरह की किसी भी हज यात्री महिला,पुरुष को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो तो इसकी देखरेख किया जा सके । इस सिलसिले में देशभर के झारखंड व बिहार राज्य को छोड़कर लगभग सभी राज्यों से चिकित्सकों को हज यात्रियों की सेवा में जाने का मौका मिला है।

**इन राज्यों के चिकित्सकों की सूची जारी:** मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर ,केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु ,उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, राजस्थान , दिल्ली , महाराष्ट्र के चिकित्सक गणों को भेजा जा रहा है। जिसमें ईएनटी ,फिजीशियन, कार्डियोलॉजी , न्यूरोलॉजी, पल्मोनरी मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स , जनरल सर्जरी, एनेस्थेटिस्ट, डर्मेटोलॉजी, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ एमओ फीमेल , रेडियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, पैथोलॉजिस्ट, फार्माकोलॉजी, डेंटिस्ट , एक्सरे तकनीशियन, फार्मासिस्ट, ईसीजी तकनीशियन आदि चिकित्सकों को भेजा जा चुका है कुछ भेजा जा रहा है, लेकिन इस पूरे चिकित्सकों की सूची में झारखंड और बिहार के चिकित्सकों को जगह नहीं दिया गया है।

**क्या आयेगी समस्याएं:** जानकार बताते हैं कि विभिन्न राज्यों से जाने वाले हज यात्री सभी को अंग्रेजी या फिर दूसरे राज्यों की भाषाएं समझ में नहीं आती है। खासकर साउथ की भाषा और अंग्रेजी की भाषा। साउथ के कुछ चिकित्सकों को अंग्रेजी और अपने क्षेत्र की स्थानीय भाषा आती है , जिसमें हिंदी भाषियों को काफी समस्याओं का सामना उठाना पड़ता है। इन सब वस्तु स्थिति को देखते हुए पूर्व में सभी राज्यों के चिकित्सकों को जिस तरह से भेजा जाता था, इस बार भी वही व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि भाषाई समस्या उत्पन्न न हो। किसी कारणवश झारखंड स्वास्थ्य विभाग एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा यह पहल नहीं किया गया,जिस कारण से हज पर जाने वाले और इनके रिश्तेदारों में राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजगी है।

# झारखंड सरकार ने आयुष मंत्रालय को दिया योग और आयुष केंद्र खोलने का प्रस्ताव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड सरकार की ओर से केन्द्रीय आयुष मंत्रालय से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट और पतरातू में योग तथा आयुष सेंटर खोलने में मदद मांगी गई है। इसके लिए सोमवार को आरसीएच सभागार नामकुम में आयुष मंत्रालय के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में झारखंड की ओर से अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह (स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग) ने इससे संबंधित प्रस्ताव भी दिया।

मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा की अध्यक्षता में झारखंड राज्य के वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्ययोजना की स्वीकृति के संबंध में हुई इस बैठक में कई अहम बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान झारखंड आयुष के लिए कुल 159.36 करोड़ की राशि की कुल चार नई योजनाओं सहित 18 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। विगत वर्ष (2022) भी केन्द्र सरकार के द्वारा 50 शय्यायुक्त आयुष धन्वंतरि अस्पताल, रांची एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के लिए स्वीकृत हुए थे। 10 शय्यायुक्त पांच आयुष धन्वंतरि अस्पताल गुमला, पलामू,



देवघर, दुमका एवं बोकारो जिले के लिए भी स्वीकृति हुए। मंत्रालय के मुताबिक उसका यह लक्ष्य है कि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक आयुष चिकित्सा पहुंचाई जाए। इसके लिए कुल 745 आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोलने का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध 550 आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोले जा चुके हैं। शेष आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सिंतबर, 2023 तक खोले जाएंगे।

अबतक केन्द्र सरकार द्वारा झारखंड को कुल 185.38 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इसमें से 141.17 करोड़ की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है।

बैठक में अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ भुवनेश प्रताप सिंह, आयुष के परियोजना समन्वयक राजीव कुमार तथा आयुष निदेशक डॉ फजलुस समी भी उपस्थित थे।

# चोरी के छह मोटर पंप के साथ तीन गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बेड़ो थाना पुलिस ने चोरी के छह मोटर पंप के साथ तीन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में गुमला के भरनो निवासी रवि कुमार, बेड़ो निवासी मो कलाम और मो नदीम शामिल है। इनके पास से चोरी का छह मोटर पंप और चोरी का एक बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बेड़ो स्थित विनय बगीचा के समीप सिंचाई के लिए लगाये गये मोटर पंप चोरी किया जा रहा है।



सूचना मिलते ही डीएसपी रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को चोरी के मोटर पंप के साथ गिरफ्तार किया। इसके निशानदेही पर दो अन्य मोटर पंप चोर को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी के पांच मोटर पंप बरामद किया गया।

## छात्र नेताओं ने नियोजन नीति के विरोध में विधायक से मांगा समर्थन



**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ विस क्षेत्र के छात्रों ने सोमवार को विधायक सविता महतो को ज्ञापन सौंपकर छात्र नेताओं ने राज्य सरकार के गलत नियोजन नीति से असंतुष्ट होकर 60:40 नीति के विरोध मे समर्थन देने का अपील किया। कहा गया है कि हर राज्य में अपना नियोजन नियमावली, स्थानीय निति बनाया गया है, तो फिर झारखंड में बाहरी लोगो को हिस्सा क्यों दिया जाएगा। मौके पर फूलचंद महतो, गोपेश महतो, प्रिया राजन दास, पूर्णशशी महतो, परमेश्वर, नकुल महतो, दीपक महतो मुकेश, आदित्य, हेमंत कुमार, सरोज, अनुज, कैलाश, सुदीप आदि उपस्थित थे।

## किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस पर लगा जांच शिविर



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर गांव में सोमवार को किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस के उपलक्ष्य में किशोर-किशोरियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर आयोजित किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति सरायकेला खरसावां की ओर से चार दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हेमोग्लोवीन ,वजन, ऊंचाई आदि जांच और यौन समस्या, हेमोग्लोवीन की कमी, मानसिक तनाव, नशे का आदि के कारणों, बचाव आदि के संबंध में जानकारी दिया गया। किशोरियों को कुपोषण से बचाव के लिए आयरन गोली नियमित लेने, पौष्टिक आहार लेने का सलाह दिया गया। मौके पर बीडीओ किकु महतो, कृष्ण चंद्र बनर्जी आदि उपस्थित थे।

## कबीर नगर कपाली में वैन टकराई बिजली पोल से बड़ा हादसा टला



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कबीर नगर कपाली वार्ड नंबर 5 मजार गली में 407 गाड़ी ने बिजली पोल में टक्कर मार दी। जिससे बिजली के तार रोड पर गिर गए और बहुत बड़ा हादसा होते होते टल गया। दोपहर में गर्मी अधिक होने के कारण रोड पर लोगों का आना जाना कम था। जानकारी मिलने में अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान और वार्ड पार्षद मोहम्मद इरफान मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग चांडिल के मुख्य अभियंता से फोन पर बाटकर फौरन एक बिजली पोल भेजने का अनुरोध किया। वहीं अंसार खान ने बिजली विभाग के जीएम को जानकारी दी। कहा जल्द बिजली पोल लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दिया जाएगा।

## युवा मंच स्टील सिटी का रक्तदान शिविर आज एसएसपी ने किया पोस्टर लॉन्च



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी द्वारा कल 16 मई को आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर आज पोस्टर लॉन्च एसएसपी प्रभात कुमार के द्वारा उनके कार्यालय परिसर में किया गया। इसके बाद एसएसपी प्रभात कुमार को संस्था के पूर्व अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने एक मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की । इस कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहित मूनका, सचिव सौरव सोंथालिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, साथ ही पूर्व अध्यक्षों भरत अग्रवाल, विजय आनंद मूनका और विष्णु गोयल सहित सम्मानित सदस्यों की भागीदारी देखी गई। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में सम्मानित सदस्यों नवनीत बंसल, पंकज मूनका, मुकेश गुप्ता, आलोक अग्रवाल और अंकुर मोदी ने भाग लिया।

## पीएनबी आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाण पत्र



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सरायकेला द्वारा सोमवार को 10 दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण समापन समारोह एवम प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसी क्रम में सब्जी की खेती का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन बैंक सरायकेला शाखा के प्रबंधक रोहित सोरेन थे। प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को मौके पर उन्होंने स्वरोजगार हेतु व्यापार करने हेतु कई टिप्स देते हुए योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा, व्यापार करने के लिए ऋण का आवश्यकता होगी तो बैंक आप के साथ है। इस अवसर पर संस्थान के शैलेंद्र गोप, गोविंद रॉय, दिलीप आचार्य, इंद्रजीत कैवर्त, द्रोपदी महतो एवं गुरुचरण महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिलिंगगोड़ा डैम में सेल्फी लेने के दौरान पैर फिसलने से दो छात्र की मौत

### दोनों जमशेदपुर के मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल के इंटर छात्र थे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थानांतर्गत जिलिंगगोड़ा डैम में नहाने के दौरान झरने में सेल्फी लेने के क्रम में पैर फिसलने से दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्रों में वर्मामाइंस के लक्ष्मी नगर निवासी शोभित सिंह (17) और उलीडीह थानांतर्गत डिमना रोड के न्यू सुभाष कॉलोनी निवासी सृजन कुमार (16) शामिल हैं। दोनों छात्र जमशेदपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के इंटर में पढ़ते थे। के रहने वाले हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची गम्हरिया पुलिस द्वारा करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर, घटना की सूचना पाकर मृत छात्रों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। मृत छात्र शोभित के परिजनों ने बताया कि वह प्रातः करीब छह बजे अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद सात बजे उसके डूबने की सूचना मिली। प्राप्त जानकारी अनुसार, वह अपने छह दोस्तों के साथ डैम में नहाने गया था। नहाने के दौरान झरने की सेल्फी लेने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया पर वे उसे नहीं बचा पाए। इसी क्रम में सृजन भी गहरे पानी मे चला गया जिससे वह डूब गया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों का सोमवार को बीडीओ किकु महतो ने औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने सितु, पिलीद,टीकर गोप टोला ,टीकर घोष पाड़ा आदि आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सितु आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति नगण्य देखकर भड़क गए। मौके पर उपस्थित सहायिका को फटकार लगाते हुए सुधार करने का निर्देश दिया। टीकर गोप टोला में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को जल्द पुरा करने का निर्देश संवेदक को दिया। बीडीओ श्री महतो ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों से पोषाहार के संबंध में जानकारी लिया। शौचालय, रसोईघर, उपस्थिति पंजी आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सेविकाओं को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने व बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में भेजने के लिए जागरूक किया।

## साउथ प्वाइंट स्कूल के डायरेक्टर ने उम्दा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा (सीबीएसई) घोषित 10वीं का रिजल्ट में साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी पटमदा के विद्यार्थियों ने उम्दा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर शिवम शर्मा ने सोमवार को बच्चों को विद्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में हमारे स्कूल के 10 बच्चों ने 90 फीसदी से ऊपर अंक एवं 22 बच्चों ने 80 फीसदी से ज्यादा अंक लाकर अपना परचम लहराया। अंकिता महतो ने 98.8, श्रेया कुमारी- 90.2, प्रियांशी सिंह देव- 89, अजय गोराई- 86,0 अभिनव सरकार- 85, रिया दास- 81, आयुष कुमार - 81,प्रिया दता -81.8 फीसदी अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## सड़क का विधायक ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को विधायक निधि से निर्मित बांगुड़दा से माकुला जाने वाले 350 फीट पीसीसी सड़क का उदघाटन नारियल फोड़कर किया। गांव पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जुगसलाई विधानसभा समेत पूरे झारखंड में तेजी से विकास हो रहा है। हेमंत सरकार ने सरकार आपके द्वार समेत कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जिसका सीधा लाभ झारखंड की जनता को मिला है। दूसरी ओर बोड़ाम थाना क्षेत्र के बड़ासुसनी गांव में विधायक के निजी खर्च से निर्माणाधीन बजरंगबली मंदिर का निरीक्षण भी विधायक ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्वनी महतो, जामिनी प्रमाणिक, राजू कर्मकार, मंटू महतो समेत अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।


## रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए आनन्दमार्ग संस्था सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जमशेदपुर स्थित माइकेल जॉन प्रेक्षागृह में वोलेंटेरी ब्लड डोनर एसोसिएशन की ओर से आयोजित 36वां वार्षिक पुरस्कार समारोह में संयुक्त राष्ट्र संघ से गैर सरकारी संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के सरायकेला-खरसावां शाखा को रक्तदान कार्य मे अग्रणी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर मौजूद संस्था के भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन, दीपक कुमार, राहुल रजक व प्रवेश गोप को संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विदित है कि आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के सराईकेला शाखा द्वारा आयोजित चार शिविर में कुल 430 यूनिट रक्त संग्रह किया। इस मौके पर भुक्ति प्रदान गोपाल बर्मन ने कहा कि आगामी वर्ष 500 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर जमशेदपुर ब्लड बैंक के सचिव संजय भट्टाचार्य, चंद्रेश्वर, आदि थे।

## जेमको में सड़क किनारे वाहन लगाने वालों को दी गई चेतावनी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति क्षेत्र अंतर्गत जेमको में सड़क किनारे पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य किया जा रहा है परंतु इन दिनों वाहन मालिकों के द्वारा अनाधिकृत रूप से भारी मालवाहक कार्य करने के स्थान पर लगा दिया गया एवं दिन के समय में ड्राइवर या वाहन मालिक नहीं मौजूद होने के कारण कार्य प्रगति में बाधा पहुंच रही। जिस पर संज्ञान लेते हुए कनीय अभियंता के सहयोग के लिए नगर प्रबंधक उड़नदस्ता दल के साथ उक्त क्षेत्र में माइकिंग के द्वारा उद्घोषणा करते हुए वाहन मालिकों को सूचित किया गया, कल तक अगर वाहन इस स्थान से हटाने का कार्य सुनिश्चित करें अन्यथा सरकारी कार्य के जद में आएंगे तो उक्त वाहनों पर कार्रवाई करते हुए परिवहन पदाधिकारी के साथ संपर्क स्थापित कर यातायात थाना की सहायता से सभी अनाधिकृत रूप से लगाए गए वाहनों का चालान के साथ-साथ वाहन उठाने का भी कार्य जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के द्वारा किया जाएगा।

## नामदा बस्ती में नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नामदा बस्ती गुरुद्वारा कमेटी की ओर से आज विष्णु नेत्रालय तथा ब्रह्मानंद हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बस्ती वासियों की नेत्र, ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य रोगों की जांच की गई। शिविर में लगभग 100 पुरुष और महिलाओं ने जांच करवाई। इस मौके पर नामदा बस्ती गुरुद्वारा कमेटी तथा बस्तीवासी उपस्थित थे। उक्त जानकारी जेएमएम के जिला प्रवक्ता गुरमीत ने दी।

## कौमी एकता सप्ताह 17 से, संगीत व नृत्य के टॉप 10 का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा आज कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता के प्रीलिम्स (पूर्व परीक्षण) राउंड का आयोजन हुआ। इस वर्ष संगीत का विषय बॉलीवुड रेट्रो रखा गया था जिसमें सभी गायकों ने एक से बढ़कर एक गानों की प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर गायिका सना अंजुम उपस्थित रही। प्रतियोगिता की निर्णायक प्रियंका सिंह थी। गायन और नृत्य प्रतियोगिता के प्रेलिम्स से टॉप 10प्रतिभागियों को फाइनल के लिए चुन लिया गया। कौमी एकता दिवस के शुभारंभ समारोह का आयोजन 17 मई 2023 को किया जाएगा। साथ ही इस दिन एक रैली का भी आयोजन होना है। जिसका शुभारंभ वर्कर कॉलेज के प्रिंसिपल एवं कोल्हान विश्वविद्यालय के डीन द्वारा किया जाएगा।

## कर्नाटक में ऐतिहासिक जीत पर बोड़ाम में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न, बांटी मिठाईयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर रविवार को बोड़ाम प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज महतो व जिला महासचिव किशनलाल महतो के नेतृत्व में ब्लॉक मोड़ से बोड़ाम बाजार तक पदयात्रा करते हुए में जश्न मनाया और लोगों के बीच लड्डू वितरण किया गया। जिला महासचिव किशनलाल महतो ने बताया कि कर्नाटक की जनता ने यह बता दिया कि धर्म के नाम पर और झूठे वादों के सहारे ज्यादा दिन तक राजनीति नही की जा सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा के द्वारा बजरंग दल और बजरंगबली में जो अफवाह फैलाने का कोशिश किया गया उसको कर्नाटक के जनता ने नकार दिया। इस दौरान मुख्य रूप से अरुण गोप, नरेन महतो, क्षेत्रमोहन गोप, अम्बुज महतो, जादव महतो, लालू मुदी, तपन मुदी, भवतारण महतो, गोवर्धन महतो, रथु गोप व छुटूलाल महतो आदि उपस्थित थे।

### साकची में माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर राधे-राधे कार्यक्रम से भक्तिमय हुआ माहौल

## पप्पू सरदार ने नहीं काटा केक, प्रसाद में खिलाया पुड़ी सब्जी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का 56 वा जन्मदिन माधुरी के प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा सादगी के साथ भक्तिमय माहौल में राधे-राधे कार्यक्रम के साथ मनाया गया। साकची बाजार हंडी लाईन स्थित कार्यक्रम स्थल को भगवान श्रीकृष्ण, भगवान श्रीराम, भगवान जगन्नाथ, राधा रानी, बाल गोपाल, संत बाबा, गो माता का दरबार एक ही स्थान पर काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। इस साल जन्मदिन का केक नहीं काटा गया, क्योंकि माधुरी दीक्षित की माताजी स्नेहलत्ता का निधन 12 मार्च को हो गया था। 15 मई सोमवार की शाम को आम लोगों के बीच इस वर्ष चाट के बदले प्रसाद स्वरूप पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया। सोमवार को सुबह पप्पू सरदार द्वारा सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में भी केक नहीं काटा गया। वहां रह रहे विशेष बच्चों के बीच फल ओर भोजन का वितरण किया गया। इससे पहले 14 मई रविवार की रात माधुरी की लंबी उम्र के लिए हवन के साथ पूजा की गयी। पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी ने पूजा करायी। भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम के लिए वृन्दावन और पश्चिम बंगाल के मायापुर से आमंत्रित कलाकारों की टीम द्वारा भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम किया गया। इस भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम में इस्कॉन के विदेशी मेहमान भी शामिल थे। मौके पर इस्कॉन के सदस्यों ने कहा कि माधुरी दीक्षित के भाई पप्पू सरदार द्वारा उनके जन्मदिन पर जो तोहफा दिया जा रहा है वह अनमोल है। मालूम हो कि पिछले 27 सालों से हर वर्ष माधुरी का जन्मदिन मनाते आ रहे शहर के चर्चित पप्पू सरदार की माधुरी की भक्ति के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पहचान बन चुकी है।

## कंपनी सेक्रेटरी बनकर देश की सेवा करना चाहती है अंशु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 5 के पार्षद सिद्धनाथ सिंह की पुत्री अंशु कुमारी ने सीबीएससी बोर्ड में विद्या ज्योति स्कूल से इंटर की परीक्षा में 92.20 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय विद्यालय टॉपर रही। छात्रा अंशु कुमारी की तमन्ना भविष्य में कंपनी सेक्रेटरी बनकर देश की सेवा करना है। गम्हरिया के गायत्रीनगर निवासी सह पार्षद सिद्धनाथ सिंह एवं गृहिणी माता संध्या देवी ने बताया कि प्रारम्भिक कक्षा से ही उसका रिजल्ट बेहतर रहा है। अंशु ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है जिनके बेहतर मार्गदर्शन से उसे सफलता प्राप्त हुई है। अपनी पुत्री की इस उपलब्धि पर माता पिता को नाज है।

## संपादकीय

# कर्नाटक का 'एग्जिट जनादेश'

**कर्नाटक** में 72 फीसदी से ज्यादा मतदान के साथ जनादेश दर्ज हो चुका है। 13 मई को उसे सार्वजनिक किया जाएगा, लेकिन विभिन्न एग्जिट पोल के जरिए जनादेश का अनुमान लगाया गया है। औसत जनादेश कांग्रेस के पक्ष में लग रहा है। भाजपा की सत्ता जा रही है और जनता दल-एस की ताकत कम होने के संकेत हैं। एग्जिट पोल की पश्चिमी देशों में एक वैज्ञानिक पद्धति और प्रणाली है, लिहाजा उसे विश्वसनीय भी माना जाता रहा है। भारत में एग्जिट पोल गलत भी साबित हुए हैं और कुछ तो बेहद सटीक भी रहे हैं। हमारे यहां मतदान के बाद एग्जिट पोल का फैशन और चलन काफी बढ़ गया है, लेकिन यह अपेक्षाकृत परिपक्व नहीं है। फिर भी हजारों लोगों के बीच सर्वेक्षण कर और उनका मन टटोलने के बाद अनुमान के निष्कर्ष दिए जाते हैं। उनसे संकेत स्पष्ट भी होते हैं। कर्नाटक में चुनाव प्रचार की शुरुआत से ही कांग्रेस बढ़त की स्थिति में थी, लेकिन अब मतदान के बाद लगता है कि कांग्रेस और भाजपा के बीच 5-6 फीसदी वोट का ही अंतर रह सकता है। यह फासला काफी है, क्योंकि इससे सीटों का आंकड़ा बिल्कुल ही बदल जाता है। कांग्रेस को साफ बढ़त है, लेकिन सिर्फ दो एग्जिट पोल ने ही स्पष्ट बहुमत का अनुमान घोषित किया है। कर्नाटक के अंतिम जनादेश से यह भी स्थापित हो जाएगा कि भारत कांग्रेस-मुक्त देश कभी हो ही नहीं सकता। यदि कांग्रेस कर्नाटक में सरकार बना लेती है, तो उसकी सरकारें चार राज्यों में हो जाएंगी। बहरहाल कांग्रेस ने 40 फीसदी कमीशन, यानी भ्रष्टाचार, के साथ चुनाव प्रचार गरमाया था, लेकिन यह मुद्दा उतना बड़ा और प्रभावी साबित नहीं हो सका कि कांग्रेस को एकतरफा जनादेश मिल पाता। भाजपा ने 'बजरंग बली' को धुरवीकरण का मुद्दा बनाया था, लेकिन सर्वे के दौरान लोगों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जो अनुमान सामने आए हैं, उनमें मुसलमानों के 70 फीसदी से ज्यादा वोट कांग्रेस के पक्ष में लगते हैं, तो भाजपा के परंपरागत समर्थक लिंगायत समुदाय के करीब 65-68 फीसदी वोट भाजपा को मिलते लगते हैं। वोक्कालिगा वोट में भी, कांग्रेस और भाजपा के बीच, फासला बेहद संकीर्ण है। ओबीसी, दलित, जनजाति आदि के वोटों का फासला भी ज्यादा व्यापक और गहरा नहीं है। गौरतलब अनुमान यह है कि करीब 20 फीसदी वोट सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और उनकी लोकप्रियता के मद्देनजर ही भाजपा के पक्ष में आए हैं। दरअसल कांग्रेस की 'मुफ्त गारंटियों' ने महिलाओं और गरीब युवाओं में उसे 'पहली पसंद' बना दिया है। मजदूर, किसान, बेरोजगार, छात्र, गृहिणी आदि अधिकतर तबकों में कांग्रेस भाजपा से आगे रहती लग रही है। अलबत्ता भाजपा को भी इन तबकों ने अच्छे वोट दिए हैं। भाजपा को उसके परंपरागत, विचारधारा के समर्थक तबकों ने जरूर वोट दिया है। दरअसल कांग्रेस और भाजपा में वोट की जबरदस्त टक्कर साफ दिखती है, लेकिन मुस्लिम वोट का फासला निर्णायक साबित होता लगता है। कर्नाटक विधानसभा में स्पष्ट बहुमत के लिए 113 सीटें चाहिए। कांग्रेस उसके बिल्कुल करीब तक पहुंचती लग रही है, जबकि भाजपा 80-90 सीटों के बीच सिमट सकती है। निवर्तमान विधानसभा में भाजपा को 104 सीटों के साथ और कांग्रेस को 78 सीटों का जनादेश मिला था। अब भाजपा की 119 सीटें थीं। इस बार कर्नाटक के क्षेत्रीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के जनता दल-एस का आंकड़ा भी 37 से काफी कम होता लग रहा है। ये चुनाव इसलिए भी महत्त्वपूर्ण रहे, क्योंकि कर्नाटक में 'डबल इंजन' का प्रयोग फ्लॉप दिख रहा है। यह जनादेश कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित होगा।

भारत में एग्जिट पोल गलत भी साबित हुए हैं और कुछ तो बेहद सटीक भी रहे हैं। हमारे यहां मतदान के बाद एग्जिट पोल का फैशन और चलन काफी बढ़ गया है, लेकिन यह अपेक्षाकृत परिपक्व नहीं है। फिर भी हजारों लोगों के बीच सर्वेक्षण कर और उनका मन टटोलने के बाद अनुमान के निष्कर्ष दिए जाते हैं। उनसे संकेत स्पष्ट भी होते हैं। कर्नाटक में चुनाव प्रचार की शुरुआत से ही कांग्रेस बढ़त की स्थिति में थी, लेकिन अब मतदान के बाद लगता है कि कांग्रेस और भाजपा के बीच 5-6 फीसदी वोट का ही अंतर रह सकता है। यह फासला काफी है, क्योंकि इससे सीटों का आंकड़ा बिल्कुल ही बदल जाता है। कांग्रेस को साफ बढ़त है, लेकिन सिर्फ दो एग्जिट पोल ने ही स्पष्ट बहुमत का अनुमान घोषित किया है। कर्नाटक के अंतिम जनादेश से यह भी स्थापित हो जाएगा कि भारत कांग्रेस-मुक्त देश कभी हो ही नहीं सकता। यदि कांग्रेस कर्नाटक में सरकार बना लेती है, तो उसकी सरकारें चार राज्यों में हो जाएंगी। बहरहाल कांग्रेस ने 40 फीसदी कमीशन, यानी भ्रष्टाचार, के साथ चुनाव प्रचार गरमाया था, लेकिन यह मुद्दा उतना बड़ा और प्रभावी साबित नहीं हो सका कि कांग्रेस को एकतरफा जनादेश मिल पाता।

## कुछ अलग

# खेलों के अभिभावक

**हिमाचल** में खेलों का रिकार्ड और उभरती प्रतिभाओं का आकाश खुद ही संभावनाओं से मुलाकात कर रहा है। ऐसे में सरकार की प्राथमिकताओं में अब खेलों के समुद्र ढूंढे जाने लगे हैं और खेल मंत्रालय का अभियान खासी तवज्जो अर्जित करता है, इसलिए खेल नीति के व्यावहारिक पक्ष को आजमाने का इंतजार बाकी है। कहा तो जयराम सरकार ने बहुत, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के दायित्व से अपेक्षा भी रही, लेकिन अब बतौर खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह से उम्मीदों का पाला पड़ा है। यह इसलिए नहीं कि विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय शिविरों में हिमाचली बच्चे शिरकत कर रहे हैं, बल्कि सारी करवटों को माकूल अधोसंरचना व खेल आयोजनों के साथ-साथ यह अभी तय करना बाकी है कि खिलाड़ी जीवन आगे चलकर किस तरह सुरक्षित रहेगा। उम्मीदों की इन्हीं पलकों को खोलते हुए खेल मंत्री कटासनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज की बात करते हैं, तो वर्षों से चल रही फाइल अपनी आंख खोलकर देखना चाहती है। पिछले वर्षों में ऐसी ही बनती-बिगड़ती खेल योजनाओं-परियोजनाओं का अस्त-व्यस्त सा इतिहास रहा है। हाई आल्टीट्यूट खेल प्रशिक्षण केंद्र की फाइल यूं ही धूल चाट रही है, तो बजट के बावजूद धर्मशाला के राष्ट्रीय प्रशिक्षण खेल छात्रावास की एक भी ईंट नहीं लग पाई। बहरहाल सुक्खू सरकार के संकल्प में फिर खेलों का सामान सजाया जा रहा है और दावा यह कि हर जिला कम से कम किसी एक खेल का अभिभावक बनेगा। यह सोच अगर खुद को मुकम्मल कर पाता है, तो विभिन्न जिलों के प्रांगण में कोई एक खेल अपना भविष्य देख पाएगा। इसी के साथ अगर राज्य अपनी गतिविधियों को पारंगत और अधोसंरचना को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाना चाहता है, तो एक बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन करने की ठान कर एक साथ आठ-दस खेल परिसर विकसित कर सकता है। कनेक्टिविटी व आवश्यक जरूरतों के हिसाब से अगर धर्मशाला को राष्ट्रीय खेलों का मुख्य परिसर बनाया जाए, तो इसकी परिधि में ऊना, हमीरपुर, मंडी, चंबा, कुल्लू, सोलन व शिमला तक आयोजनों की फेहरिस्त में अलग-अलग खेलों को अपना समृद्ध ठिकाना मिलेगा। इसी के साथ पौंग जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स, मनाली-शिमला में विंटर स्पोर्ट्स और पूरे प्रदेश में साहसिक खेलों के चिन्हित मंतव्य को पूरा किया जा सकता है। प्रदेश की आबोहवा में इतना नूर है कि कुछ खेल संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर की दर्जनों खेल अकादमियां चलाई जा सकती हैं। यूं तो हिमाचल में खेल प्राधिकरण, खेल कालेज व खेल विश्वविद्यालय तक की स्थापना की हवाई योजनाएं गूंजती रही हैं, लेकिन हकीकत में स्कूली, ग्रामीण तथा विश्वविद्यालय स्तर की खेलों के वार्षिक आयोजनों के तहत कई मैदानों की स्थिति सुधारने की अति आवश्यकता है। ग्रामीण खेलों के तहत कुश्ती, कबड्डी, वालीबॉल, हॉकी तथा एथलेटिक्स को महत्त्व देकर आगे बढ़ाया जा सकता है। खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सामाजिक सहयोग के तहत प्रदेश की चर्चित हस्तियों से विभिन्न खेलों को गोद लेने का आह्वान करके अपनी वचनबद्धता दोहराई है। समाज की इसी भूमिका को अगर विभिन्न पारंपरिक मेलों में तराशा जाए, तो हर साल कितने ही आयोजन खिलाडियों को पारंगत कर सकते हैं, मगर देखना यह होगा कि पारंपरिक मेला मैदानों से अवैध अतिक्रमण हटे तथा इनके विस्तार के लिए वन भूमि अर्जित की जा सके। चंबा के चौगान, मंडी के पड्डल, सुजानपुर मैदान, सोलन के ठोडो मैदान, धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड तथा कुल्लू के ढालपुर मैदान ने वक्त के साथ खुद को छोटा कर लिया है। हमीरपुर जैसे जिला मुख्यालय में एक भी नागरिक मैदान नहीं है। ऐसे में कम से कम हर गावं में एक तथा शहरों में चार-चार सार्वजनिक मैदान विकसित करते हुए किसी एक को पूरी तरह खेलों के लिए समर्पित कर दिया जाए। नागरिक सहयोग के साथ-साथ कारपोरेट जगत को भी आगे लाया जाए। किसी समय बतौर मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने सिंथैटिक ट्रैक बिछाने में सीमेंट फैक्टरियों से अंशदान कराया था।

## परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार

# परिवार ही घर को मन्दिर बनाता है

ललित गर्ग

हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है, यही कारण है कि अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस परिवार संस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

**देश** एवं दुनिया को परिवार के महत्व को बताने के लिए विश्व परिवार दिवस हर साल 15 मई को मनाया जाता है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है, यही कारण है कि अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस परिवार संस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को परिवार के प्रति जागरूक करना है ताकि युवा तथाकथित आधुनिक के प्रवाह में अपने परिवार से दूर न हों। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा- मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा- मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। इस दिवस मनाने की घोषणा सर्वप्रथम 15 मई 1994 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने की थी। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत अहमियत रखता है। बढ़ती जवाबदारी और जरूरतों को पूरा कर पाने का भय ही वह मुख्य कारण है जो अब संयुक्त परिवारों के टूटने का कारण बना है। जबकि वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहाँ है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से बुढ़ापा कांप उठता है। संयुक्त परिवारों का विघटन और एकल परिवार के उद्भव ने जहां बुजुर्गों को दर्द दिया है वहीं बच्चों की दुनिया को



भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नही होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। हम पुराने युगों की बात करें या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर भी बात करें तो आज की ही तरह पहले भी परिवारों का विघटन हुआ करता था। लेकिन आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है और उसने जीवन को जटिल से जटिलतर कर दिया है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। समाज की परिकल्पना परिवार के बगैर अधूरी है और परिवार बनाने के लिए लोगों का मिलजुल कर रहना व जुड़ना बहुत जरुरी है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। भाग्य और पुरुषार्थ का संघर्ष चलता है। आदमी की हर कोशिश 'घर-परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है। संयुक्त परिवारों की परम्परा पर आज धुंधलका छा रहा है, परिवार टूटता है तो दीवारें भी ढहती हैं, आदमी भी टूटता है और समझना चाहिए कि उसका साहस, शक्ति, संकल्प, श्रद्धा, धैर्य, विश्वास बहुत कुछ टूटता/बिखरता है। क्रांति और विकास की सोच ठंडी पड़ जाती है और जीवन के इसी पड़ाव पर फिर परिवार का महत्व सामने आता है। परिवार ही वह जगह है भाग्य की रेखाएं बदलने का पुरुषार्थी प्रयत्न होता है। जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का कोलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों की त्रासदी की घुटन नहीं। कोई इसी परिवाररूपी घेरे के अंधेरे में रोशनी ढूंढ लेता है। बाधाओं के बीच विवेक जमा लेता है। भीड़ में अकेले रह जाता है। दुख में सुख का संवेदन कर लेता है। घर-परिवार को सिर्फ अपनी नियति मानकर नहीं बैठा जा सकता। क्योंकि इसी घर में मंदिर बनता है और कहीं घर ही मंदिर बन जाता है। कहते हैं कि आपका काम, रबड़ की गेंद है, जिस पर जितना जोर देते हैं, वह उतना ऊंचा उठता है। पर आपका परिवार कांच की गेंदें हैं, जो हाथ से छूटती हैं तो टूट ही जाती हैं। कई बार हम सब भूल जाते हैं कि जीवन में सबसे जरूरी क्या है।

# केरल स्टोरी की व्यथा और कथा

परिवार के प्रति वितृष्णा का यह भाव लड़कियों को परिवार से तोड़ता है तो लव जिहाद का खेल खेल रहा एजेंट उसको लपक लेता है। बाद में उनसे शादी का ड्रामा किया जाता था। उसके बाद उन्हें इस्लाम में मतांतरित किया जाता था। मामला इतने पर ही समाप्त नहीं होता था। कहा जाता है कि उसके बाद उन्हें अरबस्तान ले जाकर आईएस के आतंकवादी संगठन में काम करने के लिए विवश किया जाता था। केरल में यह खेल कई दशकों से चल रहा है। लेकिन स्मोक स्क्रीन के कारण दिखाई नहीं दे रहा था। परिवारों में से उठ रही चीत्कार नारी मुक्ति के ढोल ढमाकों में दब जाती थी। सरकारें यत्नपूर्वक स्मोक स्क्रीन को बनाए रखने और उसे सघन बनाए रखने में सहायता करती रहती थीं। दुर्भाग्य से केरल में सरकार चाहे सोनिया कांग्रेस की रही हो या सीपीएम की, स्मोक स्क्रीन की रक्षा में दोनों समान भाव से लगी रहती थीं। स्मोक स्क्रीन के बाहर मौलवी और पादरी सेक्यूलर तराने गाते रहते हैं। लेकिन इन तरानों का भाव एक ही रहता है कि भारत के 'सेक्यूलर' महापुरुष को भारत का हिंदू समाज तोडऩे की कोशिश करता रहता है।

**आजकल** पूरे हिन्दुस्तान में फिल्म दी केरल स्टोरी की सबसे ज्यादा चर्चा है। कश्मीर फाइल्स के बाद यदि कोई फिल्म सबसे ज्यादा विवाद और संवाद का माध्यम बनी है तो वह दी केरल स्टोरी ही है। आश्चर्य की बात यह है कि इस फिल्म का एक भी अभिनेता या अभिनेत्री ऐसी नहीं है जो फिल्म जगत में चर्चित रही हो। लेकिन इसके बावजूद यह फिल्म कमाई के रिकार्ड बना रही है और कई बड़ों को पटकनी दे रही है। कुछ सरकारें तो इस फिल्म से इतनी घबरा गई हैं कि उन्होंने फिल्म को अपने राज्य में दिखाए जाने को लेकर प्रतिबन्ध लगा दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री इस विरोध में लीड रोल में नजर आ रही हैं। शरद पवार की पार्टी के एक नेता ने तो यहां तक कहा कि फिल्म बनाने वाले को सार्वजनिक रूप से फांसी दिए जाने की जरूरत है। केरल सरकार की चिन्ता समझ में आती है। उसने फिल्म पर प्रतिबन्ध तो नहीं लगाया लेकिन व्यवस्था इतनी चाकचौबन्द कर दी ताकि कोई फिल्म देख न सके। प्रश्न यह है कि इस फिल्म का इतना विरोध क्यों है। इसको समझने के लिए अंग्रेजी भाषा के शब्द भंडार में घुसना होगा अंग्रेज और अंग्रेजी से हमारा वास्ता भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी के आने के बाद ही पड़ा। उस भाषा का एक शब्द 'सेक्यूलर' है, जो इस देश में कोरोना वायरस की तरह फैल गया है। पहले यह शब्द भारतीय संविधान में नहीं था। संविधान सभा के दिनों में जब संविधान बन रहा था, तब भी कुछ लोगों ने इस शब्द को




वहां घुसाने की कोशिश की थी। लेकिन तब वहां बाबा साहिब अम्बेडकर ल_ लेकर बैठे थे। उन्होंने इस शब्द को वहां घुसने नहीं दिया। लेकिन इस वायरस के पक्षधर तब से ही मौके की तलाश में थे। उन्हें वह अवसर 1975 में मिला जब प्रधानमंत्री इंदिरा गान्धी ने तमाम मर्यादाओं को ताक पर रखते हुए संविधान की प्रस्तावना में ही इस शब्द की घुसपैठ करवा दी। प्रश्न है कि सेक्यूलर शब्द क्या है और इसका अर्थ क्या है। क्या भारतीय इसके अर्थ और अवधारणा को पकड़ पाए? मान लें किसी बाहरी देश से कोई व्यक्ति कोई फल लेकर आता है, हम उसको उलट-पलट कर देखते हैं। यदि वह फल हमारे देश में भी होता हो तो हम तुरन्त कह देंगे कि भाई, यह आम का फल है। लेकिन यदि वह फल हमारे देश में न होता हो तो हम उस नए फल का वर्णन कैसे करेंगे? कोई कहेगा यह नारंगी जैसा है। दूसरा कहेगा शक्ल चाहे नारंगी जैसी है लेकिन स्वाद तो तरबूज जैसा है। यही स्थिति सेक्यूलर शब्द की है। इसके बराबर का कोई शब्द भारतीय साहित्य में दिखाई नहीं दे रहा। यूरोप में घुसते हैं तो पता चलता है, कभी वहां स्टेट और चर्च का विवाद और संघर्ष चलता रहता था। जाहिर है विवाद व संघर्ष वर्चस्व को लेकर ही था। कहा जाता है इसी लड़ाई में से चर्च व स्टेट के संबंधों की लक्ष्मण रेखा तय करने के लिए सेक्यूलर शब्द का जन्म हुआ। जब अंग्रेजों के साथ यह सेक्यूलर शब्द भी यहां आ गया तो इस सेक्यूलर शब्द का क्या किया जाए? चर्च यहां था नहीं। मंदिर और स्टेट का संघर्ष कभी हुआ नहीं। इस स्थिति में अंग्रेजों ने सेक्यूलर शब्द का प्रयोग स्मोक स्क्रीन की तरह किया। स्मोक स्क्रीन वह पर्दा है जिसके पीछे हो रही हलचल किसी को दिखाई नहीं देती। भारत में इस स्मोक स्क्रीन के पीछे सैयद और पादरी अपना खेला खेल रहे हैं। केरल में तो जबरदस्त खेल हो रहा था। कहा जाता है एक पूरा गिरोह ही संगठित हो गया जो केरल की लड़कियों को लव जिहाद के माध्यम से पहले अपने चंगुल में फंसाता था। इसके लिए भी बाकायदा वातावरण तैयार किया जाता रहा। पिछले कुछ दशकों से कालेजों-विश्वविद्यालयों में नारी मुक्ति आन्दोलन के माध्यम से प्रचार किया जाने लगा कि परिवार बुर्जुयावादी संस्था है। लडक़ी/नारी को उसी से मुक्ति प्राप्त करनी है। परिवार के प्रति वितृष्णा का यह भाव लड़कियों को परिवार से तोड़ता है तो लव जिहाद का खेल खेल रहा एजेन्ट उसको लपक लेता है। बाद में उनसे शादी का ड्रामा किया जाता था। उसके बाद उन्हें इस्लाम में मतान्तरित किया जाता था। मामला इतने पर ही समाप्त नहीं होता था। कहा जाता है कि उसके बाद उन्हें अरबस्तान ले जाकर आईएस के आतंकवादी संगठन में काम करने के लिए विवश किया जाता था। केरल में यह खेल कई दशकों से चल रहा है। लेकिन स्मोक स्क्रीन के कारण दिखाई नहीं दे रहा था। परिवारों में से उठ रही चीत्कार नारी मुक्ति के ढोल ढमाकों में दब जाती थी। सरकारें यत्नपूर्वक स्मोक स्क्रीन को बनाए रखने और उसे सघन बनाए रखने में सहायता करती रहती थीं। दुर्भाग्य से केरल में सरकार चाहे सोनिया कांग्रेस की रही हो या सीपीएम की, स्मोक स्क्रीन की रक्षा में दोनों समान भाव से लगी रहती थीं। स्मोक स्क्रीन के बाहर मौलवी और पादरी सेक्यूलर तराने गाते रहते हैं। लेकिन इन तरानों का भाव एक ही रहता है कि भारत के 'सेक्यूलर' महापुरुष को भारत का हिन्दू समाज तोडऩे की कोशिश करता रहता है। मौलवी और पादरी इसकी रक्षा में न लगे होते तो भारत रसातल को चला जाता। लेकिन आखिर कभी न कभी तो यह स्मोक स्क्रीन हटना ही था। जब रूस का आईरन कर्टन ज्यादा देर सुरक्षित न रह सका तो यह स्मोक स्क्रीन कितने साल सुरक्षित रहता! धुआं हटा तो सही, केरल स्टोरी को बाहर आना ही था। सारा देश केरल के भीतर को देख कर स्तब्ध है और मौलवी व पादरी उनको फांसी देने की मांग कर रहे हैं जिन्होंने यह फिल्म बनाई। जिन्होंने स्मोक स्क्रीन नष्ट कर दिया, उनको हराने के लिए पूरा विपक्ष हाथ-पैर मार रहा है। संविधान में सेक्यूलर शब्द डालकर इंदिरा गांधी ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई थी। संप्रदाय विशेष के लोगों के वोट हथियाने के अलावा इस नीति का कोई और लक्ष्य दिखता नहीं है। इससे संप्रदाय विशेष का भी कल्याण नहीं हुआ। इसी कारण आज मुसलमान भी कांग्रेस से कटकर मोदी का समर्थन कर रहे हैं। अब समय बदल रहा है। कांग्रेस को समझ आने लगा है कि बहुसंख्यक वर्ग में उसकी पैठ कम हो रही है।

## देश दुनीया से

# बढ़िया प्ले फील्ड और सामान जरूरी

**आज** के ओलंपिक खेल शौकियान न होकर अब पेशेवर हो गये हैं। एक समय था जब जिम थोर्पे के ओलंपिक पदक इसलिए छीन लिए थे कि उसने कहीं थोड़ा सा धन ले लिया था। आज अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ स्वयं विश्व रिकॉर्ड बनाने पर एक लाख अमेरिकी डालर इनाम देता है। तभी बढिया किस्म के खेल उपकरणों का भी महत्त्व बढ़ गया है। अभी तक बढिया खेल सुविधाएं विकसित देशों को ही मिल पा रही थी, मगर अब यह सुविधा हर देश को चाहिए, तभी उच्च परिणाम आयेंगे। खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडियों को मिले ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं। ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गयी आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इंसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरे हैं। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपये का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और समग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम्म एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं।

खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है जो बेहद निम्न दर्जे का होता है।

## नागरिक बोध

# गोली क्यों नहीं चलाई ?

**राजधानी** में लडक़ी के साथ गैंगरेप हुआ था। पूरा देश इस घटना से आक्रोशित था। राजधानी की जनता ने प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर अपराधियों को सजा-ए-मौत देने की मांग के लिए कूच किया था। सरकार ने इतना पुलिस बल लगा दिया था कि प्रधानमंत्री कार्यालय में चिडिया भी पर नहीं मार सकती थी। लेकिन जन सैलाब इतना ज्यादा था कि काफी लोग नॉर्थ ब्लॉक परिसर में घुस गए थे। अपने प्रधानमंत्री को बचाने के लिए और अपनी मुस्तैदी दिखाने के लिए पुलिस ने भीड़ पर भीषण ठंड में पानी की बौछारें मारी, आंसू गैस के गोले दागे और अंत में भयंकर लाठीचार्ज भी किया, लेकिन जनचेतना ऐसी कि बावजूद इसके भीड़ टस से मस नहीं हो रही थी। पुलिस की इस नाकामी पर गृहमंत्री ने पुलिस के आला अफसरों की शाम को अर्जेन्ट बैठक बुलाई और कहा -'आप लोग कानून और व्यवस्था बनाने में नाकाम रहे। क्या पुलिस जनता का मुंह देखने के लिए होती है? कल प्रधानमंत्री जी को कुछ हो जाता तो मैं क्या जवाब देता?' एक पुलिस अधिकारी हिम्मत करके बोला-'सर, हमने भरसक प्रयत्न किया कि भीड़ तितर-बितर हो जाये, लेकिन कॉज ऐसा था कि जन आक्रोश थामे नहीं थम रहा था। फिर भी हमने अपनी पूरी क्षमता से भीड़ को रोकने का पूरा प्रयास किया। आपने तो टीवी पर देखा होगा, भीड़ बहुत ज्यादा थी। लोकतंत्र में ज्यादा ज्यादती भी तो नहीं की जा सकती। अरेस्ट भी कितने लोगों को किया जाता? वहां तो हर नौजवान गिरफ्तारी के लिए तैयार था।' 'तुम मुझे समझा रहे हो। इतना दुस्साहस कि मेरे सामने बोलो। चौबीसों घण्टे पुलिस सुस्ताती है और मुफ्त में पेट भरती है और काम के वक्त पीठ दिखाकर पथराव से डरकर भाग लेती है। क्या यही पुलिस नौकरी है? तुम्हें और सख्ती से पेश आना चाहिए था। ऐसे तो देश का कानून और व्यवस्था से विश्वास उठ जाएगा। प्रधानमंत्री मुझे फेल्योर मानकर हटा देंगे अथवा मंत्रालय बदल देंगे तो आपका क्या बिगड़ेगा? सजा तो मुझे मिली न?' गृहमंत्री ने सवाल उठाया। दूसरे आला अफसर ने कहा-'वह क्या था सर, इतने बड़े मोब में हम और क्या कर सकते थे?' गृहमंत्री लाल-पीले हो गए, बोले -'यह मैं बताऊंगा कि आप क्या करें? पुलिस बलों से काम लेना ऑफिसर्स की ड्यूटी है। मेरे पास अकेली राजधानी नहीं, पूरे देश का लॉ एंड ऑर्डर है। मुझे हजार काम देखने होते हैं। मैं तुमसे पूछता हूं, तुमने गोली क्यों नहीं चलाई?' 'सर, यह आप क्या कह रहे हैं, निर्दोष जनता पर गोली चलाने का कोई कारण भी तो पैदा हो। रैली का प्रदर्शन था और रेप पीड़िता के लिए न्याय की मांग थी, इसमें गोली चलाकर व्यर्थ में दस-बीस लोगों की जान क्यों लेनी थी? आप समझते थे कि गोली चलाना जरूरी था तो आप हमें ऑर्डर दे देते।' एक आला अफसर ने अपनी बेबसी जताई। 'डेमोक्रेसी में राजनेता ऐसा ऑर्डर नहीं देता।

## संक्षिप्त खबरे

### लंबित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बरियातू प्रखंड कार्यालय भवन परिसर मे प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे प्रखण्ड क्षेत्र में संचालित व लंबित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई. बैठक मे बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र मे संचालित 2022-23 लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्राप्त राशि के अनुरूप आवास योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पूर्ण कराने मे सहयोग करने की अपील की है। साथ ही नई योजनाओं का अभिलेख खोलने का सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया। मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीपीओ रवि यादव, पंसस जया देवी, सोनी देवी, जेई निशांत कुमार, विक्रमादित्य, पंचायतती राज प्रखंड समन्वयक पंकज पाण्डेय सहित अन्य प्रखंड कर्मी व पंसस मौजूद थे।

# पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को मारी टक्कर, घायल, रेफर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के चौथा गाँव के समीप सिमरिया हजारीबाग मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार पिकप वैन ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। वहीं टक्कर मार पिकप वैन फरार हो गया था । जिसे पकड़ने के लिए ग्रामीणों और सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार तथा शिला ओपी थाना प्रभारी रामदेव वर्मा की ततपरता से फरार पिकप वैन को नाका लगा पकड़ लिया गया है। इधर घायल तीनों को ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया जहां मौजूद डॉक्टर एसएस आलम ने तीनों को प्राथमिक उपचार कर हजारीबाग रेफर कर दिया है। घायलों में एदला गाँव निवासी सिकंदर महतो,किसुन महतो, नागेश्वर महतो का नाम शामिल है। जानकारी के अनुशार तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिकरी से वापस गाँव एदला देर शाम को लौट रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार साउंड बंधा पिकप वैन ने चौथा के समीप तीनों को टक्कर मार एक का पैर पर टायर चढा दिया और घटना स्थल से भाग खड़ा हुआ। हलाकि एक का हालत काफी गम्भीर है। चुकी टायर चढ़ने से पैर बिलकुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। वहीं दो की स्थिति कुछ ठीक है। इधर परिजनों के चीख पुकार हॉस्पिटल गूंज उठी थी। किन्तु सभी सामान्य रहा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति का बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर निर्णय लिया गया। समिति की बैठक में कुल 96 प्रशिक्षित शिक्षकों के नियुक्ति के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का डीसी अबू इमरान ने किया निरीक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## पुल निर्माण कार्य का किया गया जांच

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत सरनाडीह ग्राम के समीप प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करोड़ों की लागत से हो रही पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण आर यु विभाग के संजय कुमार सिंह, महुआडांड़ प्रखंड जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया और जेई प्रवीण प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान पिलर की गहराई की मापी को लेकर खुद संजय कुमार सिंह ने गड्ढे पर तैरकर गहराई की जांच की। जांच के बाद संजय कुमार सिंह के द्वारा बताया गया की पुल का निर्माण करें तेज गति से हो रही है और इसकी गुणवत्ता संतोषजनक पाया गया है।

## बंदी का मिलाजुला असर

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड में माओवादियों के द्वारा 14 और 15 मई को बुलाए गए झारखंड बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। 14 मई दिन रविवार को लोगों ने अपना प्रतिष्ठान बंद रखा, वही लंबी और छोटी दूरी की लगभग सभी गाड़ियां चलती रही। जिसके बाद दूसरे दिन सोमवार 15 मई को प्रखंड की लगभग सभी दुकाने खुली देखने को मिली। वही यात्री बसें समेत सभी तरह के वाहने अपने गंतव्य के लिए आते जाते दिखाई दिए। हालांकि इस बंद की सूचना के कारण बाजारों में रौनकें नहीं रही। प्रखंड के विभिन्न गांव से बाजार आने वाले ग्रामीण इस सूचना के कारण बाजार में बहुत कम देखने को मिले।

# आंख के मरीजों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित 231 वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत सोमवार को आंख की जांच एवं सर्जरी कराने हेतु बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगभग 200 मरीजों को चंदवा रेलवे स्टेशन भेजा गया। आंख के मरीज से भरा हुआ बस को बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित 231 वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफलाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत चंदवा रेलवे स्टेशन में चलंत ट्रेन में मरीजों का इलाज दिल्ली से आये विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि 15 से 20 मई तक आंख की जांच की जाएगी एवं 16 से 21 मई तक ऑपरेशन किया जाएगा, वही कान की जांच 22 से 26 मई तक की जाएगी जबकि ऑपरेशन 23 से 27 मई को किया जाएगा, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी 14 साल से नीचे वर्ष के लिए 28 से 30 मई की जांच की जाएगी वहीं ऑपरेशन 29 से 30 मई तक किया जाएगा, कटे-फटे ओठ की जांच 28 से 30 मई तक जबकि 29 मई को ऑपरेशन किया जाएगा, दात का उपचार 30 मई से 4 जून तक एवं इसी अवधि ऑपरेशन की जाएगी, उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में पहुंच कर लाभ उठावे। इस मौके पर एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, संदीप कुमार, कुंदन कुमार, मोहम्मद आबिद, संदीप कुमार, समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** बारीयातु प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को वंदना सभा में बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं वरिष्ठ आचार्य राज किशोर मिश्र ने संयुक्त रूप से मां शारदे ओउम् एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। शपथ ग्रहण समारोह के मौका पर संबोधित करते प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने कहा कि बच्चे जिम्मेदारी व सामाजिक दायित्वों को समझे इसलिए बाल संसद का गठन किया जा रहा है ।वहीं वरिष्ठ आचार्य राज किशोर मिश्रा ने कहा कि अनुशासन की भावना को जागृत करने की मंशा से यह प्रयास किया गया है। इस दौरान बाल संसद के गठन में बाल भारती में प्रधानमंत्री यश कुमार, उप प्रधानमंत्री सौरभ कुमार, सचिव शशि भूषण ठाकुर, उपसचिव सत्यम कुमार, सेनापति सचिन कुमार सह सेनापति आशीष कुमार, स्वच्छता प्रमुख प्रवीण कुमार को चुना गया। तथा कन्या भारती में प्रधानमंत्री लक्की कुमारी, उप प्रधानमंत्री कशिश कुमारी, सचिव साक्षी राजलक्ष्मी, सेना नेत्री लक्ष्मी कुमारी, सह सेना नेत्री सुजाता कुमारी, स्वच्छता प्रमुख चांदनी कुमारी को चुना गया। इस प्रकार से विद्या भारती के द्वारा निर्धारित सभी विभागों का चुनाव किया गया। सभी चुने गए पदाधिकारियों को बाल संसद की गरिमा व दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में सभी आचार्य, दीदी एवं स्कुल के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## केचकी में कनौदा डैम बांध जिर्णोद्धार में अनियमितता

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडी प्रखंड अंतर्गत पंचायत केचकी के ग्राम कंचनपुर में लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग 55 लाख की लागत से कनौदा डैम के बांध जिर्णोद्धार किया जा रहा है। आश्चर्य की बात है कि योजना स्थल पर योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगा है जिससे कृषक दिग्भ्रमित हो रहे हैं। वहीं उक्त योजना में खानापूर्ति करते अनियमितता बरती जा रही है। जहां बांध मजबूतीकरण पर कृषक बताते हैं कि डैम से अबतक महज सौ दो सौ चौका मिट्टी उठाकर बांध पर डाला गया है। जहां बांध को जेसीबी मशीन के बौकेट से खोदकर ड्रेसिंग कर दिया गया है। इसके अलावा बांध जिर्णोद्धार में मौजूद पुराने पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के प्रतिनिधि बताते हैं कि ठेकेदार बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जैसे ही बारिश होगी जिर्णोद्धार कार्य को रफा दफा कर दिया जाएगा। उक्त मामले पर संज्ञान लेने की जरूरत है।

## संत जेवियर्स एकेडमी की छात्रा अंजली ने किया स्कूल टॉप

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में स्थित संत जेवियर्स एकेडमी स्कूल से 2023 आईसीएसई बोर्ड मैट्रिक में जेवियर्स एकेडमी स्कूल लातेहार से जिला टॉपर मिस अंजली कुमारी ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की। पूरे परिवार में खुशी की लहर है, पूरे परिवार एक मध्यम वर्ग से भी नीचले अस्तर के रहने वाले परिवार हैं, जो कम संसाधनों में रह कर अंजली ने एक बहुत बड़ी मुकाम हासिल की माता पिता के लिए गर्व की बात है साथ ही साथ स्कूल के प्रिंसिपल ने भी कॉल कर अंजली को बधाई और शुभकामनाएं दिए। अंजली ने बतलाई की उसे आगे इसी तरह लगन से पढ़ाई कर अफसर बनाना है मां और पिता जी अंजलि को बधाई और शुभकामनाएं दिए।

# सेवा प्राधिकार का स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत में 15 मई सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदया के निर्देश पर गिद्धौर प्रखंड के पी एल भी शम्भु कुमार राणा एवं द्वारी पंचायत के मुखिया जगदीश यादव ने संयुक्त रूप से उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य जवाहर लाल अग्रवाल एवं विद्यालय के सचिव अजय कुमार सिन्हा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को जागरूक कर अपने आसपास साफ सफाई एव स्वच्छ रखने की बात कही। इसे लेकर बच्चों ने प्रभात फेरी भी निकाला।

# आरक्षण को लेकर ओबीसी मोर्चा विधायक आवास का करेगा घेराव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बिजली ऑफिस के समीप रविवार को उत्सव मंडप लातेहार में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की एक बैठक आयोजन की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने की। मंच संचालन लातेहार प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि लातेहार में ओबीसी की जनसंख्या लगभग 50 प्रतिशत होने के बावजूद आरक्षण शून्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे ओबीसी समाज में आक्रोश है। इसके लिए हम लोगों को मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करने की आवश्यकता है। आंदोलन के प्रथम चरण में 28 मई को लातेहार विधायक एवं मनिका विधायक आवास घेराव करने का निर्णय लिया गया। वहीं लातेहार जिला स्वतंत्र रूप से ओबीसी आरक्षण के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगी। मौके पर सुशील कुमार अग्रवाल, रामप्यारे प्रसाद, शिवनंदन यादव,राजीव रंजन प्रसाद, महेश प्रसाद, गोविंद प्रसाद, विष्णु गुप्ता, आफताब आलम, कुमार, रंजीत कुमार, देवनंदन प्रसाद, सत्यनारायण ठाकुर, अनिल यादव, धर्मेंद्र प्रसाद, उमाशंकर गुप्ता, प्रमोद यादव, रसीद अंसारी, पवन कुमार यादव, उत्तम कुमार, मुकेश सोनी, कौशल कुमार, उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर से हुए हादसे में एक की मौत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के ओकिया ग्राम के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बिजली पोल में टक्कर मार दिया। जिससे बिजली पोल टूटकर ट्रैक्टर में जा गिरा। जिसके नीचे दबने से ट्रेक्टर ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजकिशोर यादव 41 वर्ष पिता बैजनाथ यादव ग्राम मनसिंघा,मुरपा थाना बालूमाथ निवासी ट्रैक्टर लेकर अन्यत्र जा रहा था। इसी दौरान ओकिया ग्राम के पास अनियंत्रित होकर बिजली पोल में टक्कर मार दी। जिससे बिजली का पोल टूटकर ट्रैक्टर में जा गिरा और जिसके नीचे दबने से राजकिशोर यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ थाना एसआई नीतीश कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## रिलायंस जियो पेट्रोल पंप पर डीजल 95 रु.प्रति लिटर एक रुपये की छूट




**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया टंडवा मुख्य मार्ग के किनारे मुरवे में स्थित रिलायंस जियो पेट्रोल पंप पर रिलायंस जियो कंपनी ने लोगों को डीजल में 1 रु.की छूट दी है।अन्य पम्पों में डीजल 96रु.कुछ पैसे है,जबकि रिलायंस जियो मात्र 95.4 पैसे प्रति लिटर डीजल उपलब्ध करा रही है।जिसे लेकर संचालक सुधीर कुमार सिंह ने डीजल से चलने वाली वाहन के चालकों को डीजल में मिल रहे 1रु.की रियायती दर का लाभ उठाने की अपील की है। आगे उन्होंने बताया कि रिलायंस जियो कंपनी का पेट्रोल या डीजल लेने से वाहन चालकों व मालिकों को अच्छा खासा लाभ मिलता है। इस कंपनी की तेल का खासियत यह है कि अन्य डीजल या पेट्रोल के मुकाबले प्रतिलीटर 10 किलोमीटर अधिक दूरी तय करती है।जिससे बड़े-छोटे वाहन चालकों व मालिकों बचत होती है। इस तेल का निरंतर उपयोग से वाहनों की आयु लम्बे समय तक बनी रहती है।

# हैपकिडो चैंपियनशिप में लावालौंग के बच्चों को मिला सिल्वर मेडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** चतरा जिला के विवेकानंद स्कूल के प्रांगण में फर्स्ट झारखंड स्टेट हैपकिडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों एवं कोच नें भाग लिया। इस चैंपियनशिप में जिले के अतिसुदूरवर्ती कहे जाने वाले प्रखंड लावालौंग ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों नें भी भाग लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। संपूर्ण कार्यक्रम हैपकिडो के प्रदेश अध्यक्ष विकास केसरी, संरक्षक मो जमालउद्दीन एवं प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।उक्त विषय के संबंध में विकास केसरी नें कहा कि लावालौंग जैसे सुदूरवर्ती प्रखंड में लावालौंग ताइक्वांडो एसोसिएशन के डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा एवं अपने टीम के कर्मठ एवं लावालौंग एसोसिएशन के कोच आदित्य कुमार को मैं बधाई व शुभकामनाएं देता हूं जिनके मेहनत से मात्र एक महीने में यहां के मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों नें जबरदस्त प्रदर्शन करके सिल्वर मेडल व चैंपियनशिप का सर्टिफिकेट प्राप्त कर लावालौंग प्रखंड का नाम रौशन किया है।ये बच्चे आगामी भविष्य में मार्शल आर्ट में आसमान की बुलंदियों को छू सकेंगे। एक महीने के प्रशिक्षण में ही बच्चों में जबरदस्त आत्मविश्वास उभरकर पहली बार राज्य स्तर पर चैंपियनशिप में भाग लेना बड़ी उपलब्धि है।यहां के गौतम कुमार, आनंद कुमार एवं बादल कुमार नें सिल्वर मेडल प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है। बच्चों नें कहा कि हम बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि हमें सीधे राज्य स्तर पर प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के बाद मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित चतरा एसडीपीओ एवं एसडीओ के द्वारा बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई और हौसला अफजाई किया गया।

# तस्करी करने के लिए रखे गए वज्रकीट को किया गया बरामद, वन कर्मियों के सपोर्ट से तस्कर फरार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के मंधनियां पंचायत अंतर्गत बड़की बरहेद गांव में दुर्लभ प्रजाति का वज्रकीट बरामद किया गया।उक्त कीट को तस्करी के लिए जूट के बोरे में रखा गया था।ज्ञात हो कि तस्करी के लिए मापी व वजन करने का फोटो व वीडियो लावालौंग के पत्रकारों को हाथ लग गया।इसके बाद पत्रकारों नें ही वनरक्षियों को इसकी सूचना दी।इसके बाद यहां के वनरक्षी बरहेद गांव पहुंच कर तस्कर एवं वज्र किट को रखने वाले वन अध्यक्ष बिनोद गंझू के साथ लीपापोती कर रहे थे।इसी दौरान मीडिया की टीम वहां पहुंच कर छानबीन शुरू किया।बेहद मशक्कत और बिनोद के मोबाइल में वजन का फोटो व वीडियो रांची के दशरथ नामक तस्कर के पास भेजा पाया गया।इसके बाद काफी पूछताछ के बाद बिनोद नें बताया कि उक्त वज्रकीट जगरनाथ गंझू जो सिमरिया या पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र का रहने वाला है उसी के पास जंगल में है। इसके बाद कीट को खोजा गया। जगरनाथ जंगल में ही उसे छोड़कर फरार हो गया था।इसके बाद वन कर्मियों नें उक्त कीट को लावालौंग लाया इसके बाद उसे हजारीबाग डीएफओ ऑफिस ले गए।वहीं घर में आश्रय देने वाले बिनोद को भी साथ ले गए।इसके बाद बिनोद के परिजनों के द्वारा मुख्य आरोपी जगरनाथ गंझू को पकड़कर लावालौंग फॉरेस्ट ऑफिस लाया जा रहा था। इसी दौरान वन कर्मियों नें अपना मोबाइल देकर ही बिनोद से फोन करवा दिया कि यहां पत्रकार लोग हैं मामला दूसरा हो जाएगा उसको आने मत बोलो।यह सुनकर आरोपी चलती मोटरसाइकिल से छलांग लगाकर भाग निकला।अब बड़ी बात यह है कि हाथ आए मुख्य आरोपी को वन कर्मियों ने जानबूझकर क्यों भगा दिया।इसमें उनकी कौन सी मनसा छुपी हुई थी।यहां वन कर्मियों की अपनी मनमानी चलती है और आए दिन इन पर माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप भी लगता रहा है।

## विधायक भूषण बाड़ा जंगलों-पहाड़ों से घिरे गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों में जगी गांव का विकास होने की उम्मीद



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक भूषण बाड़ा सोमवार को कुरडेग प्रखंड के गाड़ियाजोर पंचायत में स्थित भाईमुंडा गांव पहुंच ग्रामीणों की समस्याओं से रु ब रु हुए। किसी विधायक के पहली बार गांव पहुंचा देख ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि जंगलों पहाड़ों के बीच में स्थित उनके गांव में आज तक किसी भी विधायक ने कदम नहीं रखा था। विधायक भूषण बाड़ा के गांव आने से गांव का विकास होने की उम्मीद जग्गी है। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल एवं बिजली की समस्या को दूर कराने की मांग की। इस पर विधायक ने कहा कि वे गांव का विकास कराने के लिए ही आए हैं। निश्चित ही बहुत जल्द भाईमुंडा गांव का विकास किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कांग्रेस के नीति सिद्धांतों की भी जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को गांव में ही रोजगार मिले, इसके लिए भी वे प्रयास करेंगे। विधायक ने सरकार की योजनाओं की भी जानकारी देते हुए योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने की अपील की।

## जियोसिनेमा पर मैच देखने के लिए पटना में हजारों लोग टाटा आईपीएल फैन पार्क में एकत्रित हुए



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के डिजिटल राईट्स होल्डर, जियोसिनेमा ने पटना में रोमांचक टाटा आईपीएल फैन पार्क में फैंस को आमंत्रित कर लीग के उत्साह को चरम पर पहुँचा दिया। यहाँ पर हजारों लोग अपनी पसंदीदा टीमों का उत्साह बढ़ाने के लिए एकत्रित हुए, जो वीकेंड के दौरान जबरदस्त एक्शन में थीं। रविवार को खेले गए डबल हेडर के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने राजस्थान रॉयल्स को 112 रनों से हरा दिया, जबकि अगले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया।रिंकू सिंह और नितीश राणा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत के लिए अपनी टीम का नेतृत्व करने के लिए एक साथ अर्धशतक लगाया, जबकि इससे पहले दिन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाजों ने राजस्थान रॉयल्स को मात्र 59 रनों पर समेटने का ठोस प्रयास किया।टाटा आईपीएल फैन पार्क में प्रवेश निशुल्क था और इन दोनों ही मैचों की लाईव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा ऐप द्वारा एक विशाल एलईडी स्क्रीन पर हो रही थी। रांची वासियों के लिए मंदिर मैदान मनोरंजन के केंद्र में तब्दील हो गया था, जहाँ लोग अपने दोस्तों और परिवारों के साथ न केवल एक-एक पल का लाईव एक्शन देख रहे थे,बल्कि मैच का पूरा आनंद भी ले रहे थे। टाटा आईपीएल फैन पार्क में हर उम्र के लोगों के लिए विविध तरह के आकर्षण थे। यहाँ एक समर्पित फैमिली ज़ोन, किड्स ज़ोन, फूड एवं बेवरेजेस, और जियोसिनेमा एक्सपीरियंस ज़ोन थे।

## मल्टीपल रेयर डुओडेनल ट्यूमर वाले रोगी की हुई जटिल सर्जरी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शम्भू दास झारखंड के एक 65 वर्षीय मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त, ग्रहणी में तीन न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर बाले रोगी की डॉ संजय मंडल, वरिष्ठ सलाहकार, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ऑनकोसर्जरी और उन्नत लैप्रोस्कोपी, एएमआरआई अस्पताल, मुकुंदपुर द्वारा महत्वपूर्ण जांच और सर्जरी की गई। रोगी को बाई अधिवृक्क ग्रंथि में एक और ट्यूमर भी था। आम तौर पर ग्रहणी में ऐसे कई ट्यूमर वाले रोगियों को ग्रहणी, अग्न्याशय के सिर, पित्त नली और पेट के हिस्से को पूरी तरह से हटाने वाली एक बहुत बड़ी व्हिपल सर्जरी से गुजरना पड़ता है। जटिलताओं और दीर्घकालिक पोषण संबंधी समस्याओं के जोखिम के साथ यह एक बहुत बड़ी सर्जरी है। हालाँकि, इस रोगी में कई ट्यूमर के ग्रहणी के उच्छेदन को संरक्षित करने वाला एक अग्न्याशय डॉ. मंडल द्वारा किया गया था, इसलिए रोगी व्हिपल के उच्छेदन से बच सकता था। परिणामस्वरूप रोगी की पित्त नली, पेट, अग्न्याशय और अधिकांश ग्रहणी को बचाया जा सका। और इस अभिनव प्रक्रिया के कारण लंबे समय तक चलने वाली पोषण संबंधी समस्याओं और रुग्णता से बचा जा सकता है। सर्जरी की अवधि लगभग आठ घंटे थी लेकिन मरीज को दर्द से राहत मिली। उन्हें निगरानी में रखा गया और छह दिनों के बाद उनकी हालत में सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। ऐसे मामलों में काफी जोखिम होता है और अगर समय पर सर्जरी नहीं की गई होती तो मरीज की जान बचाना मुश्किल होता।

## बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कॉर्पोरेट एक्सीलेंस के लिए सम्मान प्राप्त किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी को सीआईआई द्वारा स्थापित 2022 के लिए 17वें सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स में कॉर्पोरेट एक्सीलेंस में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए कमेंडेशन (प्रशस्ति पत्र) प्राप्त हुआ है। कंपनी प्रबंधन को यह अवॉर्ड 10 मई 2023 को नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदान किया गया। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ संदीप घोष ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस पुरस्कार ने सस्टेनेबल बिजनेस (सतत व्यवसाय) में एक्सीलेंस की दिशा में कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है। हमारे ग्रह पृथ्वी के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए मजबूत सस्टेनेबल मानकों का निर्माण आवश्यक है। इसलिए, इंडस्ट्री ने सभी संभावित सस्टेनेबल आयामों को कॉर्पोरेट स्ट्रेटजी और बिजनेस प्रोसेस और प्रेक्टिसिज में गहराई से शामिल किया गया है। देवेश कुमार मिश्रा, यूनिट हेड, चंदेरिया सीमेंट वर्क्स और देवाशीष चैधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट अफेयर्स ने ये पुरस्कार प्राप्त किया।



## जदयू का पंचायत कमेटी का नव गठन किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू के लईयो पंचायत में जनता दल यूनाइटेड का एक बैठक रखी गई यह बैठक विवाह भवन लईयो चौक में लईयो उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायत कमेटी का नव गठन हुआ । इस बैठक की अध्यक्षता सुखदेव महतो एवं संचालक मोबीन अंसारी ने किया बैठक में पर्यवेक्षक जिला सचिव शफीक अंसारी एवं प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम की उपस्थिति में संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि राजू महतो व विशिष्ट अतिथि दुष्यंत कुमार पटेल एवं मेघनाथ प्रसाद उपस्थिति थे। पंचायत अध्यक्ष लईयो उतरी के विजय महतो सचिव इम्तियाज अंसारी तथा दक्षिणी पंचायत के अध्यक्ष सुखदेव महतो एवं सचिव नरेश महतो को बनाया गया ।बैठक में मुख्य रूप से रमाकांत पटेल बलेश्वर टूरी रमेश राम मुखिया जगलाल सिंह धनेश्वर प्रसाद विजय सिंह सुरेश राम उमेश कुमार शंकर महतो कैलाश महतो धनेश्वर प्रजापति हीरालाल महतो नरेश महतो चितरंजन चितरंजन सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## फूटपाठ दुकानदार संघ का हुआ कमेटी विस्तार

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की कमेटी का विस्तार किया गया । गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि , कमेटी में सदस्यता आभियान चलाया जा रहा है।जिनमें सचिव इम्तियाज आलम, कोषाध्यक्ष शहादत अंसारी, उपाध्यक्ष रविंद्र महतो, उप कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, महामंत्री संतोष कुमार गुप्ता ,संरक्षण समीम भाई, जय मंगल पांडे, और कमेटी सदस्य में प्रदीप कुमार, सलीम भाई, पप्पू रजक, संतोष कुमार ,कुंती देवी, गीता देवी, कर्मी तिर्की को सदस्य बनाया गया। और साथ ही नए पुराने कई सदस्य बनाए गए ।इससे गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की मजबूती दुगनी हो गई है। अब नगर निगम प्रशासन से यही विनती है कि जल्द से जल्द भेंडर मार्केट का काम शुरू किया जाए, अन्यथा इसी महीने में गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसकी पूरी जवाबदेही नगर निगम प्रशासन की होगी।

# जनता की आवाज को दबाना चाहता है जिला प्रशासन : रौशन लाल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला प्रशासन के द्वारा आजसू पार्टी के पदाधिकारियों पर झूठा एफआईआर दर्ज करने के विरोध में आजसू पार्टी जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई द्य इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि रामगढ़ जिला में आए दिन अपराधियों के द्वारा घटना को अंजाम दी जा रही है ओर आज जिला प्रशासन मूकदर्शक बनी हुए और आए दिन रामगढ़ शहर में चेकिंग के नाम पर आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है द्य जिस दिन की यह घटना है और उसी दिन एक व्यक्ति के भाई को सांप काट लिया गया था उसके द्वारा प्रशासन से विनती करने के बावजूद उसकी मोटर साइकिल को नहीं छोड़ा जा रहा था, जिसकी सूचना जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी को दी गई द्य सूचना मिलने के पश्चात जिला अध्यक्ष अपने सहयोगी के साथ वहां पर पहुंचकर जिला प्रशासन से वार्ता कर गाड़ी को छुड़वाने का काम किया गया था , किंतु 2 दिन के बाद प्रशासन के द्वारा आजसू पार्टी के पदाधिकारियों के ऊपर झूठा मुकदमा दर्ज की गई है वाह कहीं ना कहीं राजनीतिक दबाव या केवल एक पक्षीय कारवाई करने का काम किया गया है द्य हम जिला प्रशासन से पूछना चाहते हैं जब आजसू पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा प्रशासन के विरोध वीडियो कैमरा खुद करवाते हुए केवल हेलमेट चेकिंग का विरोध किया गया था ।

## विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की अध्यक्षता में हजारीबाग जिला में संचालित विभिन्न कंपनियों के परियोजना से संबद्ध अधिकारीयों की सुरक्षा के बाबत अपनाई जाने वाली सावधानियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने कुछ दिन पूर्व केरेडारी खनन परियोजना के एक आधिकारी की अपराधियों द्वारा की गई हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। जिला प्रशासन की तरफ से इस घटना को दुःखद बताया। उन्होंने आगे हर परियोजना के सुगम संचालन पर बेहतर माहौल बनाने पर जोर देते हुए हर संभव सहायता देने की बात कही।पुलीस अधीक्षक ने सभी कंपनियों के अधिकारीयों से कहा कि केरेडारी की घटना के बाद उपद्रवियों द्वारा धमकी और पैसे मांगने की घटना की सूचना प्राप्त हो रही है ऐसे में घबराए बगैर हर सूचना को स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन को जानकारी में दे। लोगो में भय व्याप्त करने की मंशा पर पुलिस सख्त कारवाई करेगी।सभी पारियोनाऐं राष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रही है इसके संचालन में हमें विशेष सतर्कता के साथ कार्य करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं में संवेदको के द्वारा अनावश्यक समस्या पैदा की भी शिकायत प्राप्त हुई है।

## रामगढ़ चेंबर का प्रतिनिधिमंडल मिला छावनी अधिशासी अधिकारी से, दिया शहर की समस्याएं को लेकर ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल आज छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी हरीविजय से मिलकर शहर के 8 वार्डो में व्यापारियों को हो रही समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में मुख्य रूप से वर्तमान परिस्थिति में रामगढ़ के सभी वार्ड की जमीन की रजिस्ट्री को लेकर जो होल्डिंग नंबर की मांग जिला अवर निबंधन पदाधिकारी के द्वारा की जा रही है उसके बारे में चेंबर के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान अधिशासी अधिकारी ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही इस समस्या का समाधान छावनी परिषद द्वारा कर दिया जाएगा, रामगढ़ शहर के 8 वार्डो में सड़कों की जर्जर स्थिति विशेषकर लोहार टोला में पंचमुखी मंदिर से लेकर बस स्टैंड तक, नेहरू रोड एवं अग्रसेन पथ जो मुख्य व्यापारी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रोड है उनकी मरम्मत की मांग रखी गई, शहर में नालों का निर्माण सही तरीके से नहीं होने से बरसात के दिनों में नाला का पानी व्यापारियों के प्रतिष्ठान में घुस जाने से हो रही परेशानी, शहर में कहीं पर भी वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं होने से व्यापारियों को आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है विशेष रूप से ऑटो चालकों के लिए ऑटो पार्किंग नहीं होने से पूरे शहर में रोड पर कहीं पर भी ऑटो खड़ा कर देने से जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे व्यापारियों का व्यापार करने में परेशानी हो रही है, शहर का एकमात्र रमणिक स्थल बिजुलिया तालाब में गंदगी का अंबार रहना लाइट की व्यवस्था नहीं होना तालाब की सफाई नहीं होने से सैकड़ों लोग जो सुबह शाम घूमने जाते हैं उनको आए दिन परेशानी हो रही है इसके लिए बिजूलिया तलाव का सही तरीके से देखरेख जरूरी है छावनी परिषद के द्वारा कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं होने से शहरी क्षेत्र के टायर मोड में कचरे का अंबार बना हुआ है जिस की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए, गर्मी के दिनों में शहरी क्षेत्र में एक समय ही पानी का वितरण किया जाता है इसे कम से कम सुबह-शाम नियमित रूप से किया जाए, रामगढ़ शहर में एक भी स्टेडियम नहीं होने से यहां के आम जनों को काफी असुविधा हो रही है शहर के अंदर एक सुंदर स्टेडियम का निर्माण किया जाए, बाजार समिति रामगढ़ में सब्जियों का थोक विक्रय केंद्र बनाया जाए साथ ही शहर में मास्क लाइट की सुचारू व्यवस्था नहीं होने से पूरा शहर अंधेरे में रहता है, टायर मोड से रांची रोड तक डिवाइडर बनाकर मास्क लाइट एवं फूल पति लगाकर शहर का सुंदरीकरण किया जाए। शहर के 8 वार्डो में कचरा उठाओ की व्यवस्था की जाए, प्रतिनिधिमंडल में मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी ÷मानू÷ कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी कार्यकारिणी सदस्य अमित साहू मुरारी लाल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह अनूप कुमार बाबू साहब उपस्थित थे।

## अपना खेत, अपना दाना, पेट काटकर नहीं देंगे खजाना का नारा दिया था शहीद चानकु महतो : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के कुल्ही में शहीद चानकु महतो का शहादत दिवस पर उनके चित्र पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि अपना खेत, अपना दाना, पेट काटकर नहीं देंगे खजाना के नारे के साथ चानकु महतो ने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाई थी। चानकु महतो हुल विद्रोह के नायकों में शामिल थे। साथ-साथ हजारों की संख्या में जनजातीय व स्थानीय समुदाय के लोग युद्ध में शामिल हुए थे। वहीं चानकु महतो को गिरफ्तार कर लिया। अंग्रेजी हुकूमत ने सन् 1856 के 15 मई को गोड्डा जिसे ऐजेंट के नाम से जाना जाता था, उसकी राजकचहरी के बगल में कझिया नदी के निकट पेड़ से लटका कर फांसी दे दी थी। उनका जन्म रंगमटिया गांव में ही 9 फरवरी 1816 ई में हुआ था। चानकु महतो रंगमटिया के प्रधान व परगणैत हुआ करते थे। पिता कारु महतो व माता बड़की महताइन के दो पुत्रों में वे बड़े थे। आदिवासियों के स्वशासन व्यवस्था को अंग्रेजों ने जब आहत करना शुरू किया तो संताल में विद्रोह की ज्वाला भड़की। अंग्रेजों की दमनकारी नीति के खिलाफ आवाज बुलंद किया।

## बड़काचुंबा आम के लगे पौधे बागवानी क्षेत्र में अगलगी से 200 पौधे हुए नष्ट

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़काचुंबा में बिरसा हरित आम बागवानी के करीब डेढ़ एकड़ जमीन पर अज्ञात लोगों द्वारा अगलगी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया हैं। इससे करीब 200 आम के छोटे पौधे आग से झुलस जाने का अनुमान हैं। इस संबंध में आवेदन द्वारा लाभुक ब्यूटी कुमारी, सीमा देवी, ललिता देवी के द्वारा मांडू बीडीओ, कार्यक्रम पदाधिकारी मांडू और गिद्दी पुलिस को अवगत कराया गया हैं। पत्र में कहां गया है कि अज्ञात लोगों के द्वारा बिरसा हरित ढ़ेड़ एकड़ बागवानी में आगजनी बीते 14 मई को अचानक होने का पता चला। इसमें करीब दो सौ आम के पौधे झुलस गए हैं। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ हैं।


### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/वर्ष 2023–24**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 21.05.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 22.05.2023 को 11.00 बजे अपराह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 22.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction for Road Widening at Vivekanand Chowk under Medininagar Municipal Corporation | 999270 | 20000 | 5000 | एक माह |
| 2 | Construction of road widening at Kutchary chowk under Medininagar Municipal Corporation | 549957 | 11000 | 5000 | एक माह |
| 3 | Construction for road widening at south (School) side of Bisfuta chowk under Medininagar Municipal Corporation | 943609 | 18900 | 5000 | एक माह |
| 4 | Construction for road widening at east and west side of Bisfuta chowk under Medininagar Municipal Corporation | 969455 | 19400 | 5000 | एक माह |
| 5 | Construction for road widening at Bharat mata chowk under Medininagar Municipal Corporation | 558530 | 11200 | 5000 | एक माह |
| 6 | Construction of 200 mm X 165 mm dia X 200 mtr Deep HYDT with 200 mm dia with 2.0 HP submersible pump in CRPF Campus in Bazar Samiti | 394240 | 7900 | 1000 | एक माह |
| 7 | Construction of PCC road from Mehta Ji house to Amit pathak house in ward no. 03 under Mediningar Municipal Corporation. | 346240 | 7000 | 1000 | एक माह |

नोट :– निविदा संबंधित नियम एवं शर्तों को कार्यालय सूचना पट एवं Website http//:udhd.jharkhand.gov.in के Notice पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 297396 District(23-24).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सिमडेगा

**जिला योजना अनाबद्ध निधि (Untied Fund)**
**अल्प कालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–पुनर्निविदा संख्या –02/2023-24/RWD/SIMDEGA दिनांक–13-05-2023**

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि – अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि – अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाकरटांड | RWD/ SIMDEGA/ 02/01/2023-24 | डुमरडीह चरकुबेड़ा से पन्नाटोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24.60200 | चौबीस लाख साठ हजार दो सौ | 5000 | 50000 | 3 माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–21-05-2023
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–25-05-2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय :–26-05-2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27-05-2023 को 11:30 पूर्वाह्न बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :–9470162141
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में **कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा** के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR297410 (Simdega)23-24*D

### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष 2023–24 (01 जून 2023 से 31 मार्च 2024 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 27.05.2023 को 12.30 बजे अपराहन को होगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| ग्रुप नं0 | शौचालय का नाम | वार्ड संख्या | वर्ष 2023–24 के लिए सरकारी डाक राशि 10 (दस माह) | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 10%) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समुदायिक शौचालय –सह– कौशल विकास केन्द्र एवं सामुदायिक शौचालय | 24 | 9,18,000/– | 91,800/– |
| 2. | सामुदायिक शौचालय,टैक्सी स्टैण्ड, | 24 | | |
| 3. | सामुदायिक शौचालय,टाउन हॉल | 22 | | |
| 4. | सामुदायिक शौचालय, कचहरी निगम कार्यालय | 24 | | |
| 5. | सामुदायिक शौचालय,साहित्य समाज चौक | 25 | | |
| 6 | सामुदायिक शौचालय, महिला वार्ड सदर हॉस्पीटल | 25 | | |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 297424 District(23-24).D

### झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़, जिला स्तरीय कार्यालय
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

**अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र-2023–24) (2nd call)**

जिले में संचालित नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू में सत्र–2023–24 के लिये खाद्य सामग्री, स्टेशनरी, मौसमी फल एवं सब्जी, मछली, चिकन, दूध, पनीर दैनिक उपयोग की वस्तुएँ, पोशाक एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु राज्य में निबंधित इच्छुक संस्थानों के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ से निविदा प्रपत्र दिनांक–15.05.2023 से दिनांक–20.05.2023 तक (कार्यालय अवधि में) प्राप्त कर उसी विद्यालय में तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में दिनांक–22.05.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। क्रय समिति द्वारा दिनांक–22.05.2023 को अपराह्न 02:00 बजे नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू (एस.एस. +2 हाई स्कूल, पतरातू परिसर, पतरातू, जिला–रामगढ़) में निविदा खोला जाएगा।

| क्र०सं० | विद्यालय का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ | एस.एस. +2 हाई स्कूल पतरातू परिसर, पो०+थाना–पतरातू, जिला–रामगढ़, झारखण्ड, पिन कोड–839118 |

वर्ष 2023–24 का पैकेज विवरणी – पैकेज संख्या 1 – खाद्य पदार्थ एवं अन्य सामग्री, पैकेज संख्या 02 – हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि, पैकेज संख्या 3 – पोशाक एवं अन्य वस्त्र तथा पैकेज संख्या 4 – स्टेशनरी इत्यादि। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए (प्रत्येक पैकेज के लिए) Sarva Shiksha Abhiyan, Ramgarh के नाम से अप्रतिदेय (Non Refundable) 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) राश्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट में देना अनिवार्य है। निविदा में किसी भी प्रकार की संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 297373 District (23-24)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**(3rd Call)**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23 दिनांक 15.05.2023

| Sl. No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| 1 | Cheri group of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj (Group No. 17) | 4 | 3185670.00 | 64000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | Total :- | 4 Nos. | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 16.05.2023 / 12.30 P.M. | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | 16.05.2023 / 12.35 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 22.05.2023 / 05.00 P.M. | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 23.05.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 24.05.2023 / 04.00 P.M. | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 297427 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए दर्जनों लोग



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं ने माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पर अपनी आस्था रखते हुए रतिलाल टुडु के कर कमलों से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किये। जिसमे मौके पर अंकित विजन, कमलेश पाठक, अनिर्बान चटर्जी, सौमिक दास, माधव कुमार यादव, राधे सिंह ने पावती रसीद प्राप्त किये । मौके पर सुरेन्द्र चौहान, जाहिद कुरैसी, रितिक सिंह आदि ढेरों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समिति की बैठक में महाविद्यालय के विकास पर चर्चा

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा



महाविद्यालय विकास समिति के माध्यम से महाविद्यालय सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता शत्रुघ्न महतो के द्वारा की गई। बैठक में प्राचार्य श्यामलाल महतो ने सभी का स्वागत किया, और संक्षिप्त प्रतिवेदन सचिव प्रो दीपनारायण शर्मा ने प्रस्तुत किया । जिसमे 1982 से लेकर 2023 तक का विवरण दिये। बैठक का संचालन प्रो. मनोहर कुमार महतोने किया। बैठक में विभिन्न पंचायतो के जनप्रतिनिलियों ने भी अपना सुझाव दिया। अर्चनाद्ध देवी, उमा देवी, कृष्णा ने 5001 रु. सहयोग का भी घोषणा किया। समाजसेवी प्रदीप महतो ने कहा की महाविद्यालय के विकास हेतु डी एम एफ टी फण्ड का ग्रामसभा करके महाविद्यालय को सहयोग कराने की अपील करेंगे। और जरूरत पड़ने पर में स्वयं। गिट्टी। देकर सरयोग करेंगे। प्रा. शिकन्दर रवानी प्रो शंकर रवानी नईम एजाज महेश्वर महतो आदि लोग माजूद थे।

## क्षेत्रीय प्रबंधक हुए सेवानिवृत्त सम्मानित कर दी गई विदाई

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** क्षेत्रीय प्रबंधक डीके बंधोपाध्याय ई एम



वॉलंटरी रिटायरमेंट के तहत सेवानिवृत्त हो गए। उनकी विदाई लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक के कार्यालय में महाप्रबंधक बी के सिन्हा, उप महाप्रबंधक सहदेव माजी, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक डी के भगत, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन रामानुज प्रसाद, संतोष कुमार मालवीय, रविशंकर प्रसाद, हिमांशु कुमार, मनीष कुमार, पिंकी कुमारी, पायल कुमारी तथा अन्य अधिकारीगण के द्वारा बंदोपाध्याय को शॉल तथा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## कोदम्बरी में वी-पॉइंटडिजीटल कोचिंग सेंटर का किया गया उद्घाटन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र के कोदम्बरी



में वी-पोइंट डिजीटल कोचिंग सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य, देवरी- भाग 05 प्रतिनिधि दिनेश राणा के द्वारा फीता काटकर किया गया । इस शिक्षण केंद्र के शिक्षक विकास कृष्ण मंडल ने कहा कि यहां क्लास नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों को डिजीटल बोर्ड व प्रशिक्षित शिक्षकों की टीम के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश राणा ने इस दौरान कहा कि आसपास में उच्च शिक्षा के लिए कोई संस्थान उपलब्ध नहीं है ऐसे में इस संस्थान से आसपास के बच्चों को बेहतर उच्च शिक्षा मिल सकेगी। वी-पोइंट के निदेशक रामकृष्ण मंडल ने कहा की बच्चों को निम्न शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। संस्था के शिक्षक राजू राय ने कहा की अब इंटरमीडिएट के लिए बच्चों को घर से बाहर जा कर हजारों खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## बिना नंबर प्लेट के मिला बाइक, जांच में जुटी पुलिस

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोरापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामाडोबा स्थित टाटा के कॉमेटी सेंटर से पुलिस ने बिना नंबर के पैशन प्रो जप्त किया। मामले की जानकारी बाघमारा निवासी राकेश ने दी। राकेश का कहना है मेरा एयरटेल कम्पनी का टावर लगा हुआ है। कुछ तकनिकी खराबी होने के कारण मैंने अपने स्टाफ को भेजा। स्टाफ ने बताया की यहाँ पर बिना नंबर का पैशन प्रो बाइक खड़ा है। राकेश ने जोरापोखर थाना को फ़ोन किया। जोरपोखर पुलिस बाइक जप्त कर थाने ले गई और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### नौ सूत्री मांगपत्र को लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ चौबे गुट का क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

## समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन : धर्मेंद्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोदना क्षेत्र के संगठित एवं असंगठित मजदूरों सहित विस्थापितों से जुड़ी समस्याओं से संबंधित नौ सूत्री मांगपत्र को लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ चौबे गुट के समर्थकों ने सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय सचिव धर्मेंद्र सिंह और संघ के वरिष्ट नेता राजीव रंजन चौबे के नेतृत्व में संघ समर्थकों ने जयरामपुर बुढा बाबा मंदिर प्रांगण से मोटरसाइकिल जुलुस की शक्ल में क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर जीएम को मांगपत्र सौंपा।

मांगपत्र के माध्यम से धर्मेंद्र सिंह ने जयरामपुर, जीनागोरा, बीयर कंपनी, सेठकोठी, बागडिगी, ब्राह्मण बरारी आदि क्षेत्रों में व्याप्त जलसंकट को दूर करने, जयरामपुर आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़नेवाली धूलकण के नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव कराने, जयरामपुर से भागा कि मुख्य सड़क का डायवर्सन सड़क बनने तक छेड़छाड़ नहीं करने, जीनागोरा लोडिंग पोवाइंट से हटाए गए ट्रक लोडर संजय यादव को तथा लोदना क्षेत्र में आउटसोर्सिंग में चल रही वाहनों से हटाए गए पुराने वाहन चालकों को फिर से काम पर वापस रखने, आउटसोर्सिंग परियोजना में स्थानीय बेरोजगारों को योग्यता के तहत काम देने सहित अन्य मांगों पर प्रबंधन से अविलंब वार्ता कर समाधान कराने का मांग किया है। उन्होंने जीएम को चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान तत्काल नहीं किए जाने पर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर धर्मेन्द्र सिंह, गौतम देव, आर एस तिवारी, राजीव रंजन चौबे, रोहित सिंह, रन्थूराम रविदास, राहुल चौबे, अमरजीत सिंह, कमल शर्मा, राकेश, अरुण सिंह, उमेश तिवारी, राधेश्याम यादव, मुकेश सिंह, संजय यादव आदि थे।

## यूबीआई डीजीएमएस शाखा में नेक्सा फ्रंक्स की लॉन्चिंग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के डीजीएमएस शाखा धनबाद के कैंपस में मारुती सुजुकी, नेक्सा की नई कार फ्रंक्स का लॉन्चिंग किया गया। नेक्सा के रिलेशनशिप मेनेजर सैकत सरकार ने सभी बैंक पदाधिकारियों को बारी-बारी से बुके देकर सम्मानित किया, तत्पश्चात फ‍ंक्स गाड़ी को अनावरण किया गया। साथ ही केक काटकर फ‍ंक्स कि लॉन्चिंग सेरेमनी मनाया गया। लॉन्चिंग कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार सिंह, डिप्टी क्षेत्र प्रमुख बी.के. सिंह, शाखा प्रबंधक अरविन्द कुमार सिंह, मार्केटिंग हेड अमीषा दास, रिलाएबल इंडस्ट्रीज नेक्सा धनबाद सीनियर रिलेशनशिप मेनेजर सैकत सरकार, मनोज किस्कु, मृत्युंजय, और सज्जाद अंसारी उपास्थित थे।

## सिंचाई विभाग के जमीन पर कब्जा के खिलाफ सरिया अंचल को आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** प्रखण्ड कार्यालय से सटे सिंचाई विभाग के जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने की शिकायत सरिया अंचल कार्यालय में आवेदन देकर किया गया है, आवेदक गिरधारी पंडित ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि सरिया प्रखण्ड कार्यालय के चहारदीवारी से सटा उनका मकान है जिसे उन्होंने ख़रीदगी कर प्राप्त किया है मगर उनके घर से सटे सिंचाई विभाग की चार फीट जमीन है जो अमूमन लोग रास्ते के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं लेकिन खूंटी जिले का रहने वाले कृष्णा हजाम ने दीवार देकर उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया है। आवेदक ने अंचल कार्यालय को दिए आवेदन के माध्यम से उक्त कब्जा किये गए जमीन को जांचोपरांत कब्जा मुक्त करवाने की मांग की है।

## रोजगार की मांगों को लेकर आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं ने किया प्रदर्शन

### कांग्रेस की हस्तक्षेप से बीसीसीएल बैकफूट पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** 174 दिनों से रोजगार की मांगों को लेकर आंदोलनरत आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कोयला भवन में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के उग्र आंदोलन को देखते हुए प्रबंधन ने भारी मात्रा में सीआईएसएफ जवानों को तैनात किया था। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का सीआईएसएफ के जवानों के बीच काफी तीखी नोकझोंक हुई। मामला बिगड़ते देखते ही कोयला भवन में डीपी ने वार्ता करने के लिए आमंत्रित किया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का आंदोलनरत आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के पक्ष में उग्र आन्दोलन को देखते हुए कोयला भवन के पदाधिकारियों ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई। उक्त वार्ता में उपस्थित बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक श्री मुरली कृष्ण रमैया, महाप्रबंधक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विद्युत साहा, महाप्रबंधक सुरक्षा एमएस पांडे, वरीय प्रबंधक सुबोध कुमार सिंह, प्रबंधक माधुरी सिंह, डी. पी. टी.एस पाण्डेय आदि पदाधिकारी मौजूद थे। वार्ता के क्रम में धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि लगातार 174 दिनों से रोजगार की मांगों को लेकर आंदोलनरत आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को



सुनिश्चित रूप से रोजगार दिलाने को लेकर प्रबंधन के वरीय पदाधिकारियों से सकारात्मक वार्ता हुई एवं प्रबंधन ने सभी आंदोलनरत प्रशिक्षुओं को बीसीसीएल में चल रहे सभी 14 आउटसोर्सिंग कंपनियों में इन्हें रोजगार देने का आश्वासन दिया एवं सभी आंदोलनरत प्रशिक्षुओं को अपनी विस्तृत सूची धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को अविलंब सौंपने के लिए निर्देशित किया। उक्त सूची के आधार पर लगातार 174 दिनों से आंदोलनरत आईटीआई अपरेंटिस प्रशिक्षुओं को आउटसोर्सिंग कंपनियों में सुनिश्चित रूप से रोजगार देने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात आन्दोलन पर बैठे प्रशिक्षित अप्रेंटिस नौजवान को जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने धरना-प्रदर्शन स्थगित करने का आग्रह किया।

## झामुमो में अपने समर्थकों के साथ राजू हाड़ी पुनः हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड मोड़, भूली में झामुमो जिला कमिटी द्वारा स्वागत समारोह में झामुमो के पुराने साथी व आंदोलनकारी नेता राजू हाड़ी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पुनः झामुमो में शामिल हुए। सर्वप्रथम राजू हाड़ी ने पुष्पगुच्छ देकर जिलाध्यक्ष लखी सोरेन एवं जिला सचिव मन्नु आलम का स्वागत किया। उक्त सभा की अध्यक्षता लखी सोरेन ने की। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा की पुनः 2024 में राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनानी है। इस क्रम में जो भी पुराने साथी हैं सभी का घर वापसी हमारा लक्ष्य है ताकि संगठन को मजबूत के साथ धारदार भी बनाया जाना सके। जिला अध्यक्ष लखी सोरेन एवं जिला सचिव मन्नु आलम के द्वारा राजू हाड़ी को सदस्यता रशीद देकर विधिवत रूप से संगठन में शामिल किया गया। मौके पर मुख्य रूप सें जिला सचिव मन्नु आलम, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, लखन प्रमाणिक, पूर्व जिला सचिव पवन महतो, पूर्व उपाध्यक्ष युद्देश्वर सिंह सहित सैकड़ों झामुमो परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### नमन इंटरनेशनल स्कूल में हुआ रुबेला टीकाकरण

## बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए विद्यालय है कृतसंकल्पित : दीनदयाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के नमन इंटरनेशनल रेम्बा में सोमवार को बच्चो के बेहतर स्वास्थ हेतु रूबेला टीकाकरण किया गया। प्रखंड शिक्षा विभाग के दिशानिर्देश पर स्वास्थ विभाग ने विद्यालय परिसर में टीकाकरण का आयोजन कर लगभग 50 बच्चों ने टीकाकरण किया। विधालय के निदेशक दीनदयाल प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ बच्चो के बेहतर स्वास्थ सुविधा की भी ध्यान रखी जा रही है समय समय पर बच्चो के बेहतर



स्वास्थ सुविधा हेतु जो भी सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश होगी उसे पालन की जाएगी। विधालय द्वारा समय -समय पर चिकित्सा शिविर का भी आयोजन की जाएगी ।इस शिविर के सफल आयोजन में विधालय के समन्वयक संदीप वर्मा ,शिक्षक अशोक कुमार, सुजाता कुमारी एवं कुंदन कुमार की सराहनीय भूमिका रही ।

## जीवन बीमा योजना को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** बंदखारो पंचायत सचिवालय में प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा दावा भुगतान शिविर का आयोजन बंदखारो पंचायत के मुखिया हेमलाल महतो की अध्यक्षता में की गई, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज रविदास एवं विशिष्ट अतिथि शाखा प्रबंधक रामपुजन दास झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक चिचाकी फील्ड थीमेटिक कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना के तहत 2 दो लाख का चेक प्रदान किया गया, विदित हो की सखी मंडल की दीदी आरती देवी के पति स्व सहदेव पंडित का आकस्मिक निधन 8 जुलाई 2022 को हुई थी। बंदखारो आजीविका महिला संकुल संगठन के सहयोग एवं जेसलपीएस के सम्बंधित स्टाफ नीरज गुप्ता, बसंती देवी, बासुदेव कुशवाहा और बैंक सखी आशा पटेल, स्थानीय मुखिया हेमलाल के प्रयास से बीमा का लाभ मिल पाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अथिति मनोज रविदास ने कहा की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मुख्य रूप से गरीबों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही है इसलिए सभी को बीमा अवश्य कराना चाहिए तथा बीमा रेनुअल कराना चाहिए ताकि घटना होने पर आम लोग लाभान्वित हो सकें।

### अनोखे अंदाज मे मनाई शादी की 25 वीं सालगिरह

## विधायक राज सिन्हा ने दी बधाई व शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बरसों पहले सात फेरे लेकर एक दूजे के हुए विजय शर्मा उनकी पत्नी अनिता देवी दोनों कपल्स ने अपनी शादी की 25वीं सालगिरह को भव्य रूप से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने दोनों को सफलतापूर्वक हंसी-खुशी, दुख-सुख के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण हुए 25वीं सालगिरह की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। झारखंड विश्वकर्मा बढई कल्याण समिति, धनबाद के प्रखंड अध्यक्ष विजय शर्मा ने अपनी शादी की 25 वीं सालगिरह पर अपने सभी दोस्तों, रिश्तेदारों को आमंत्रित किया। बरमसिया स्थिति एक बेंक्वेट हॉल में विजय के 25 वर्ष पूर्व शादी



की तरह ही खुशनुमा और शानदार समारोह का आयोजन हुआ।

इस मौके पर धनबाद के ऑर्केस्ट्रा टीम के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन गायकी की प्रस्तुति दी और पहली शादी की तरह ही इस समारोह में खाने-पीने की पार्टी का भव्य व्यवस्था थी। बड़ी संख्या लोग विजय शर्मा उनकी धर्मपत्नी अनिता देवी को शादी की सालगिरह पर बधाई देने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में पहली शादी की रस्मो रिवाज की तरह जय माला और रिंग पहनाने का भी रस्म अदायगी हुई।

## स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का समापन कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** डीआरडीए सभागार कक्ष में जिला परिषद अध्यक्षा मुनिया देवी की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान स्क्रूल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्राम स्तरों पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन का विभिन्न प्रकार के संरचनाओं का निर्माण किया जाना है यथा गोबरगैस संयंत्र, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन ईकाई, गलीय कचरा प्रबंधन ईकाई, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन ईकाई इत्यादि का कार्य स्क्रूल 15वी वित ( पंचायतीराज ) एवं मनरेगा के



अभिसरण द्वारा किया जाना है।

इस दौरान जिला परिषद अध्यक्षा मुनिया देवी ने कहा कि स्वच्छ भारत में स्वच्छ समाज, स्वच्छ अनाज एवं स्वच्छ पानी की आवश्यकता है। तभी हम लोग स्वस्थ रह सकते हैं। इन सभी जगह स्वच्छता रहेगी तभी पर्यावरण स्वच्छ रहेगा और हम लोग सुरक्षित रहेंगे। पर्यावरण एवं समाज को सुरक्षित रखने में सब की संपूर्ण सहभागिता होनी चाहिए। तभी हम लोग स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से होती है इसमें सबकी सहभागिता होती है। सामूहिक सहभागिता की कमी दिखती है क्योंकि जल, जंगल, जमीन और वायु प्रदूषित हो रहा है, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति आम जनों को प्रोत्साहित करना अतिआवश्यक है। इसके साथ ही कचड़ा का रीसाइक्लिंग जरूरी है। घर में गंदा पानी को सोख्ता गड्ढा में डाला जा सकता है। तभी स्वच्छ समाज एवं स्वच्छ पर्यावरण का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

## दानापुर व पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों का ठहराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न स्टेषनो पर 08 जोड़ी ट्रेनों का प्रायोगिक तौर पर अस्थायी रूप से 06 माह के लिए निम्नानुसार ठहराव प्रदान किया जा रहा हैः-

1.12395/12396 राजेंद्रनगर टर्मिनल-अजमेर जियारत एक्सप्रेस~

ऽ 12395 राजेंद्रनगर टर्मिनल-अजमेर जियारत एक्सप्रेस 17.05.2023 से 19.58 बजे बक्सर पहुंचेगी तथा 20.00 बजे प्रस्थान करेगी ।

ऽ 12396 अजमेर-राजेंद्रनगर टर्मिनल जियारत एक्सप्रेस 19.05.2023 से 20.45 बजे बक्सर पहुंचेगी तथा 20.47 बजे प्रस्थान करेगी ।

2. 12355/12356 पटना-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस~

ऽ 12355 पटना-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस 16.05.2023 से 09.01 बजे बक्सर पहुंचेगी तथा 09.03 बजे प्रस्थान करेगी ।

ऽ 12356 जम्मूतवी-पटना अर्चना एक्सप्रेस 18.05.2023 से 18.51 बजे बक्सर पहुंचेगी तथा 18.53 बजे प्रस्थान करेगी ।

3. 13483/13484 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस~

ऽ 13483 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस 17.05.2023 से 06.16 बजे रघुनाथपुर पहुंचेगी तथा 06.18 बजे प्रस्थान करेगी ।

ऽ 13484 दिल्ली-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस 17.05.2023 से 18.18 बजे रघुनाथपुर पहुंचेगी तथा 18.20 बजे प्रस्थान करेगी ।

4. 13413/13414 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस

ऽ 13413 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस 16.05.2023 से 06.16 बजे रघुनाथपुर पहुंचेगी तथा 06.18 बजे प्रस्थान करेगी ।

ऽ 13414 दिल्ली-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस 16.05.2023 से 18.18 बजे रघुनाथपुर पहुंचेगी तथा 18.20 बजे प्रस्थान करेगी ।

5. 13483/13484 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस~

ऽ13483 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस 17.05.2023 से 07.13 बजे चैसा पहुंचेगी तथा 07.15 बजे प्रस्थान करेगी ।

ऽ13484 दिल्ली-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस 17.05.2023 से 17.36 बजे चैसा पहुंचेगी तथा 17.38 बजे प्रस्थान करेगी ।

# उपायुक्त ने जिले की विकास को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक दिए आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज विकास समन्वय की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा हुई जिसमें मानव दिवस सृजन में प्रगति लाये जाने का निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना 2023-24 का प्रत्येक दिना अनुश्रवण का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में छूटे हुए प्रखण्डों को योजना पूर्ण करने के लिए एक सप्ताह का समय और जियो टैग करने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान में चेंजिंग रूप का निर्माण 10 दिनों के अदर कराये जाने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में टीसीबी व फील्ड बण्ड के 500-500 साईट चिन्हित करने का निदेश प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। जलछाजन योजना और मानव दिवस सृजन की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करने का निदेश उप विकास आयुक्त को दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में द्वितीय क़िस्त की राशि भुगतान का अंतर कम करने का निदेश दिया गया। बैठक में राजस्व अंतर्गत दाखिल खारिज की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जिला में भूमि अधिग्रहण के मामलों की भी समीक्षा की गई और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिये गये। समाजिक सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं की स्थिति, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, कौशल विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत मरम्मति किये गये चापकलों की स्थिति, जल नल योजना की स्थिति,लघु सिंचाई प्रमण्डल अंतर्गत पूर्ण किये गये चेकडैम की स्थिति,कृषि विभाग अंतर्गत सूक्ष्म टपक सिंचाई योजना की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी प्रखण्डों सौ-सौ हेक्टेयर की भूमि लघु सिंचाई योजना के लिए चिन्हित किये जाने का निदेश दिये गये। साथ ही जहां चेकडैम व अमृत सरोवर की योजना है वहां भी सूक्ष्म टपक सिंचाई की योजना से किसानों को अच्छादित किये जाने का निदेश दिया गया। उद्योग विभाग अंतर्गत पीएमईजीपी योजना के आवेदनों को स्वीकृत किये जाने का निदेश अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया गया। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत जिन पंजीकृत किसानों का केवाईसी पूर्ण नहीं हो पाया है उनका केवाईसी पूर्ण कराने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को इस निमित्त कैंप आयोजित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,इस कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। अमृत सरोवर योजना की समीक्षा की गई और सभी को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला योजना अंतर्गत योजनाओं, मत्स्य विभाग की योजनाओं,गव्य विकास की भी योजनाओं की समीक्षा की गई। आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला समन्व्यक प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य उपस्थित थे।

# युवा चरित्र निर्माण शिविर के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री जी के सुपुत्र रोहित उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, शिक्षाविद् एलआर सैनी, रांची से समाजसेवी सुनील गुप्ता का आमसेना के उपाचार्य कुंजदेव मनीषी एवं आचार्य शरचचंद्र आर्य की अगुवाई में झारखंडी वेद भूषा एवं वाद्ययंत्र के साथ स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तिलक व पुष्पवर्षा के साथ भव्य रूप से आर्यवीर दल व वीरांगना दल के सदस्यों द्वारा की गई।

# गिरवर शिशु सदन के संस्थापक रहे राम बल्लभ भारती को दी गई श्रद्धांजलि



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भास्कर एस्ट्रो एसोसिएशन एवं भारती विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वाधान से विद्यालय प्रांगण में पूर्व सचिव एवं गिरवर शिशु सदन के संस्थापक स्वर्गीय राम बल्लभ भारती जी की दूसरी पुण्यतिथि सचिव चंदन कुमार भारती विद्यालय प्राचार्य श्रीमती जयमंती कुमारी सरस्वती सिंह एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में मनाया गया। सभी ने श्रद्धा सुमन व्यक्त किए एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी। आज श्रद्धांजलि देते हुए उनके अमिट योगदान एवं विद्यालय के प्रति समर्पित भावना को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया और बच्चों के समक्ष उनके मार्गदर्शन में चलने की बात कही गई। विज्ञान में उनकी खासा रूचि थी, इसलिए छात्रों को विज्ञान से संबंधित विषयों में रुचि रखते हुए उसमें आगे बढ़ने के लिए अग्रसर होने के साथ-साथ अपने भावी जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया गया। सभी छात्रों ने पूर्व सचिव राम बल्लभ भारती के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त किए और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जयमंति कुमारी, सरस्वती सिंह, अपर्णा सिन्हा, आशा दास, अनामिका भारती, काजल साहू, सविता कुमारी, सिद्दीका प्रवीण, संगीता वर्मा, डोरोथी खलखो, सुमन लकड़ा, उमा मिश्रा, कविता शर्मा, कंचन मेहता, बीरन देवी एवं सुमित्रा देवी उपस्थित थे।

# फादर डोमिनिक बरला के माता-पिता व बहन की पुण्य स्मृति पर मिस्सा पूजा का हुआ आयोजन

**➲ पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं झापा युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का हुए शामिल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोनपला बगियाबहार गांव में फादर डोमिनिक बारला की माता पिता एवं बहन की 16 वीं स्मृति के मौके पर विशेष धार्मिक मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित हुए। दौरान फादर डोमिनिक बरला फादर ऑथेर्स मिंज, फ़ा याकूब सोरेंग, फ़ा अजित टेटे, फ़ा दनासीयूस खेस, फ़ा जेवियर कंडुलना सहित काफी संख्या में मसीह समुदाय के लोग उपस्थित रहे लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा हमारे पूर्वजों की देन है कि हम आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं हमारे पूर्वजों ने लंबे संघर्ष करते हुए हमारा पालन-पोषण हमें संस्कार दिए और उत्सव कारों के बदल आज हम समाज में लोगों के बीच उनके हितों की रक्षा कर रहे हैं। स्वर्गीय किस्तोंफर बरला उनकी पत्नी स्व जोसेफ़ा चेचकचेला, एवं उनकी बेटी स्व जसिंता बरला को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया तथा उन्होंने बाइबिल की वचनों को याद करते हुए कहा कि मैं ही हूं पुनरुत्थान और जीवन , जो मुझ में विश्वास करता है मरने पर भी जीवित रहेगा आने मुझे सौंपा है अंतिम दिन फिर जीवित करूंगा उन्होंने इस स्लोगन को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर परिजन के अलावा आसपास के काफी संख्या में लोगों के उपस्थिति रही।

# सुखदेव भगत ने अपने पिता की 15 वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत के पिता स्वतंत्रता सेनानी समाजसेवी स्वर्गीय गंधर्व भगत की 15 वीं पुण्यतिथि श्री भगत के आवासीय परिसर में मनाई गई। सबसे पहले पुरोहित श्री परमानंद मिश्र के द्वारा पूजा हवन का कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने आवासीय परिसर में स्थित स्वर्गीय गंधर्व भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वर्गीय गंधर्व भगत सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन महात्मा गांधी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ था जिनका अधिवेशन रामगढ़ में आयोजित किया गया था स्वर्गीय गंधर्व भगत अपने सहपाठियों के साथ साइकिल से अधिवेशन में भाग लिए थे। मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में स्वर्गीय गंधर्व भगत के जेष्ठ पुत्र दुर्गा भगत, कनिष्ठ पुत्र झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, पुत्रवधू अनुपमा भगत,पुत्र युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, शाश्वत सिद्धार्थ, लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक साहू, लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, जिला महासचिव पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, सचिव कुणाल अभिषेक, विजय चौहान, अनिल कुमार, युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शहदेव, मनोज सोन तिर्की, फु़लदेव उरांव, माजिद अहमद, सुधीर अग्रवाल, पवन सरार्फ, सुबोध साहू, रफीक अंसारी, दयानंद उराव, नन्हे अंसारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# कसियाडीह के जर्जर पुल के स्थान पर नया पुल का निर्माण करवाए प्रशासन : आलोक साहू



**किस्को-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किस्को प्रखंड के ग्राम कसियाडीह के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कसियाडीह ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि पाखर- कसियाडीह पथ में स्कूल के पास पुल का निर्माण लगभग 25 वर्ष पूर्व हुआ था। पुल अंदर से खोखला हो गया है। इस सड़क पर ट्रकों का भी आवागमन होता है। पुल जर्जर होने के कारण यह कभी भी ध्वस्त हो सकता है जिसके बाद आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो जाएगा। ग्रामीणों ने श्री साहू से अविलंब नया पुल बनवाने की मांग किए। मौके पर श्री साहू ग्रामीणों के साथ जर्जर पुल का मुआयना किया तो पाया कि पुल अंदर से खोखला हो गया है। यहां नया पुल बनाना अति जरूरी है ताकि भविष्य में कोई अनहोनी नहीं हो। श्री साहू ने ग्रामीणों को बताया कि किसको प्रखंड मुख्यालय से जर्जर हुए पुल के स्थान पर नए पुल बनाने का प्रस्ताव लोहरदगा विकास शाखा भेजा जा चुका है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। श्री साहू ने इस मामले को लेकर मौके पर से ही लोहरदगा उप विकास आयुक्त से वार्ता कर शीघ्र जर्जर पुल को बनवाने की बात कहें, उप विकास आयुक्त ने इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व पंचायत सदस्य अबू सना परवेज, अंजुमन सदर शमसुद्दीन, अंजुमन सचिव अब्दुल अजीज, जफर इकबाल, बालमुकुंद यादव, शिव कुमार उरांव, कमरुद्दीन अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# बीडीओ ने बैठक कर कार्य प्रारम्भ करने का दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में जेई,पंचायत सचिव और एई के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त द्वारा निर्देशित नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत चयनित प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत कोराम्बे में तथा झलजमीरा पंचायत के गगेया में जलच्छाजन का कार्य को दो दिन के अन्दर प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास कार्यो का समीक्षा करते हुए चर्चा किया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, एई मनु कुमारी, पंचायत सचिव आनन्द सिंह के अलावे अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# कोलेबिरा विधायक ने किया विधायक मद से बने स्कूल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोमवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बोलवा प्रखण्ड के मालसारा पंचायत में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधायक मद से बने आर सी प्राथमिक विद्यालय मालसारा का उद्घाटन किए। विधायक ने अपने सम्बोधन में लोगों को कहा कि आज हम विद्यालय का उद्घाटन कर रहे हैं, आपको बताना चाहेंगे कि शिक्षा का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है।अगर हम या हमारे बच्चे शिक्षित हैं तो जीने का रास्ता अपने आप ढूंढ लेंगे। शिक्षा एक ऐसा हथियार जिससे हमें खाने पीने रहने सहने का रास्ता दिखाता है। साथियों मैं बताना चाहूंगा कि आज हमारे झारखण्ड में महागठबंधन और कांग्रेस की सरकार है, उससे पूर्व की सरकार जो भारतीय जनता पार्टी एवं झारखण्ड पार्टी गठबंधन में श्री रघुवर दास जी के नेतृत्व में चल रही थी, उसने मिशनरी स्कूलों के लिए ऐसा ऐसा कानून लाया था, जिससे मिशनरी संस्थान को बन्द करने तक योजना लाया जा रहा था, लेकिन सौभाग्य और आपलोगों के प्रार्थना , सहयोग से मुझे आपसबों ने मुझे अपना विधायक चुनकर झारखण्ड के सदन में आवाज उठाने का मौका दिया। जानते हैं वो कानून क्या था वो कानून था मिशनरी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति,जो पूर्णतः बन्द कर दिया गया था। जबकि उस शासनकाल में हमारे इसी कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एनोस एक्का थे, मिशनरी स्कूलों पर बेआवाज लाठी चलाकर आदिवासियों एवं ईसाईयों को शिक्षा से बंचित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था परन्तु हमारे उस समय के विधायक ने एक शब्द इसपर नहीं बोला कि हमारे आदिवासी बच्चों के भविष्य का क्या होगा। जबकि वह सिर्फ विधायक ही नहीं बल्कि एक मजबूत मंत्री भी थे। इससे साफ उनकी मंशा आदिवासियों के प्रति क्या था झलकता है।आपको जानकारी देना चाहेंगे कि जब मैं आपलोगों के आर्शीवाद से पुनः विधायक बना और जल जंगल जमीन के साथ ही साथ शिक्षा रोजगार आदि पर सरकार के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए सभी मिशनरी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करवाया, मिशनरी विद्यालयों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना भी लागू करवाने का प्रस्ताव दिया हूं। हमारे सम्मानित विशप स्वामी भिन्सेंट बरवा के अध्यक्षता में हम चार विधायकों स्वयं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, खिजरी के पूर्व विधायक बन्धु तिर्की, एवं गुमला विधायक भूषण तिर्की के सहयोग से इन सब कामों को कर पाया। मैं आपलोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आपका विधायक आपके लिए और क्षेत्र के लिए काम करते रहेंगे। लोगों को सम्बोधित करते हुए पल्ली पुरोहित फादर पौलुस लकड़ा ने कहा कि सबसे पहले मैं विधायक जी का आभार व्यक्त करता हूं जिनके सहयोग से ये स्कूल भवन बना और आज उसका उद्घाटन किया गया। मैं इतना ही कहुंगा कि आप अपने बच्चों को शिक्षित बनाईए वही आपका और समाज का भविष्य होगा।

# कैरो नगजुवा में मिली अज्ञात युवक का शव, पुलिस जुटी खोजबीन में

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 मई सोमवार को कैरो नगजुवा मे एक अज्ञात युवक की शव कैरो थाना पुलिस ने बरामद की है। इस संबंध में कैरो थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔंध करमाली ने बताया कि थाना क्षेत्र के नगजुवा आँगनबाड़ी के पास बरगद पेड़ के निचे एक अज्ञात युवक की शव बरामद की गई है, युवक की छाती में अन्ग्रेजी के बड़े अक्षर से सरस्वती लिखी हुई है, वही युवक के शरीर मे युवक केवल काला फुलपैंट पहना हुआ है जिसके फुलपैंट के पाकेट से अंग्रेजी मे रिचाड़ टोनेलिन्सन नाम से डायरेक्टर फ्लोरेंस पब्लिक स्कूल को लिखा एक आवेदन पैंट के पाकेट से पूलिस को मिला है। शव मिलने के उपरांत ही कैरो थाना पुलिस आगे की कार्य में जुट गई है, वही प्रेस के माध्यम से अज्ञात शव की पहचान मे कैरो थाना पूलिस को आम अवाम से सहयोग की अपील भी की है।

# तेली धर्मशाला में पिछड़ी जाति संघर्ष समिति का गठन करने को लेकर बैठक आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तेली धर्मशाला लोहरदागा मे पिछड़ी जाति संर्धष समिति का गठन केन्द्रिय अध्यक्ष उदासन नाग के मैजुदगी मे किया जाएगा। ओ बी सी में आने वाले सभी जाति के लोगो से नम्र निवेदन हैं कि अपनी समाज और अपने नज्दिकि लोगों को बैठक मे आने के लिए आग्रह करें एवं मोबाइल के मध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से सम्प्रक बनाए। साथ ही 25 मई मध्य रात्रि से 26 मई 2023 की मध्य रात्रि तक सम्पूर्ण लोहरदगा जिला बन्द रखने पर विशेष र्चचा किया जाएगा । जिसमे आवस्यक सेवाओ अथवा दुध, अखबार, सवास्थ सेवाओं को बंद से मुक्त रखने पर भी विचार किया जाएगा। पिछडी जाति संधर्ष समिति लोहरदगा के सभी सद्स्यो से पुनः आग्रह है कि रन निति तौयार करने के लिए दल गत से उपर उठ कर ओ बी सी आरक्षण शुन्य होना दुर्भाग्य पुर्न है इसके लिए हम लोगो को मिल कर चरणबद्ध आंदोलन करने कि आवश्यकता है आंदोलन के प्रथम चरन मे 25 मई मध्य रात्रि से 26 मई 2023 मध्य रात्रि तक बन्द रखने पर चर्चा एवं रूप रेखा तैयार किया जाएगा। इसमे आप सभी अपनी अपनी भागिदारी निभाने का कष्ट करें। यह जानकारी पिछडी जाति संघर्ष समिति संरक्षक जयनाथ साहू ने दी।

# डीएवी विद्यालय में मातृ दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत मातृ दिवस के शुभ अवसर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। भारत एक महान संस्कृति और परंपराओं का देश है जहाँ लोग अपनी माँ को पहली प्राथमिकता देते हैं। इसलिये, हमारे लिये यहाँ मातृ दिवस का उत्सव बहुत मायने रखता है। ये वो दिन है जब हम अपनी माँ के प्यार, देखभाल, कड़ी मेहनत और प्रेरणादायक विचारों को महसूस करते हैं। हमारी माँ हमारे लिये प्रेरणादायक और पथप्रदर्शक शक्ति के रुप में है जो हमें हमेशा आगे बढ़ने में और किसी भी समस्या का सामना करने में मदद देती है। बच्चों में अपनी माताओं द्वारा किए गए उपकार को समझने व उनके प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को अपनी माता के लिए उनकी खूबियों को वर्णित करते हुए ग्रीटिंग कार्ड व ताज बनाना था। अपनी माता को ताज पहना कर ग्रीटिंग कार्ड देते हुए उनके साथ नृत्य करते हुए वीडियो बनाना था। वीडियो में बच्चों के मन में माता के प्रति अपार प्रेम लोगों को आश्चर्यचकित करने वाला था। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में आकर्ष पंकज, जयेश कुमार, अनुराज कुंडू, कन्यका गुप्ता, अर्व तमेरा व दर्सराज ने कक्षा यूकेजी में इशनावी राज, अलिका अंबर, अथर्व कृत, निधि कुमारी, काव्या गुप्ता, दर्शील भगत, रक्षित झा, सईद अलमाज, सुहान, काव्या तरुषि, खुशी कुमारी व काव्या मुखियार ने कक्षा प्रथम में अनुश्री लकड़ा, आरोही बर्मा, परी कुमारी, मानसवी गुप्ता, आयुश कुमार, आदिव गुप्ता, वैशनवी कुमारी व अदिती बर्मा ने तथा कक्षा द्वितीय मे शिवम कुमार वर्मा, आर्यश अवि, विशेष प्रकाश, संस्कार कुमार, नव्या तरुषी, वेदांश नंद तिवारी, कोमल कुमारी, हर्षित राज, प्रिंस कुमार, रीत कुमार, जैन सलीम व अभिराज स्पर्श ने प्रथम स्थान अर्जित किया इस प्रतियोगिता में अश्विन पात्रो, संगीता मित्तल, सोमिता दास, रजनी प्रसाद व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# लोहरदगा इलेवन ने पेशरार इलेवन को 125 रनों से हराया, शमशाद रहे मैन ऑफ द मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला प्रशासन के तरफ से चल रहे तीन टीमों के बीच सीरीज में आज का मैच पेशरार इलेवन और लोहरदगा इलेवन के बीच हुआ, जिसमें पेशरार इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी लोहरदगा की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 230 रन बनाया। लोहरदगा की टीम के तरफ से शमशाद ने शानदार 134 रन बनाए तथा प्रियदर्शी ने 25 रन बनाए। पेशरार इलेवन के तरफ से बोलिंग में शिवम ने चार विकेट अभिमन्यु ने 2 विकेट लिए जवाबी पारी खेलने उतरी पेशरार इलेवन की टीम 16 ओवर में 10 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। पेशरार इलेवन की टीम के तरफ से अभिमन्यु ने 30 तथा तौहीद ने 20 रन बनाए लोहरदगा इलेवन के तरफ से बोलिंग में अभय ने 3 विकेट लिए। इस मैच को बड़ी आसानी से लोहरदगा इलेवन की टीम ने 125 रन से जीत लिया। आज के इस मैच में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक रॉय भी उपस्थित थे और दोनों टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी इस तरह की प्लेटफार्म का फायदा उठाइए और लगातार अच्छा खेलिए। अपना और अपने माता-पिता का नाम रौशन कीजिए। जिला प्रशासन को भी लगातार इस तरह का मैच को ऑर्गेनाइज करने के लिए आलोक रॉय ने बधाई दी। कल का मैच कुडू इलेवन और पेशरार इलेवन के बीच होगा। इस मैच में लोहरदगा टीम के खिलाड़ी शमशाद को शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।

# गुरुकुल शांति आश्रम परिसर में विधायक मद से निर्मित भवन का हुआ उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक मद से निर्मित एक हॉल का उदघाटन संयुक्त रूप मंत्री जी के पुत्र रोहित उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, शिक्षाविद् एलआर सैनी, डॉ कुंजदेव मनीषी, समाजसेवी सुनील गुप्ता, शरचचंद्र आर्य की उपस्थिति में फीता काटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चार के नारियल फोड़कर भवन का उदघाटन किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### एसएसपी ने सात इंस्पेक्टर को किया विरमित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी के सात इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारियों को एसएसपी किशोर कौशल ने जिले से विरमित कर दिया है। इनमें राजीव रंजन लाल, अहमद अली, रमेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सपन कुमार महथा, राजीव कुमार और नवल किशोर प्रसाद शामिल हैं।

### महिला पत्रकार सुधा सिन्हा को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरिष्ठ पत्रकार सुधा सिन्हा के निधन पर सम्पूर्ण पत्रकार जगत दुखी हैं। रांची प्रेस क्लब इस घटना से आहत है और 15 मई, 2023 सोमवार की शाम 5.30 बजे उनकी स्मृति में प्रेस क्लब के कांफ्रेंस हॉल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। हम सभी पत्रकार जगत स्व सुधा सिन्हा के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर मौन धारण किया और श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, भारत भूषण प्रसाद, महिला पत्रकार रेखा पाठक, वरिष्ठ पत्रकार शर्मिष्ठा मजूमदार, माणिक बोस, सुषमा सिन्हा, कमलेश बिट्टू मिश्र, विनोद कुमार सोनी, चंदन भट्टाचार्य, विजय कुमार गोप, विकास कुमार, आकाश कुमार, मनीष मिश्र और अन्य पत्रकार शामिल हुए।

### नगर निगम की चेतावनी, 31 जुलाई तक वाटर मीटर नहीं लगवाया तो देना होगा फाइन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची नगर निगम ने ऐसे लोगों को चेतावनी दी है, जिन्होंने वाटर कनेक्शन तो ले लिया है, लेकिन मीटर नहीं लगा रखा है। अपर नगर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने भवन मालिकों से कहा है कि वे स्वेच्छा से 31 जुलाई तक अपने घर में वाटर मीटर लगा लें। ऐसा नहीं करने पर वाटर कनेक्शन को अवैध घोषित करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा। 31 जुलाई तक हर उपभोक्ता को कंज्यूमर नंबर के साथ मीटर का फोटो व्हाट्सएप नंबर 6206799753 पर भेजना होगा। इसके बाद बिल वाटर मीटर के आधार पर ही जनरेट किया जाएगा। रांची नगर निगम क्षेत्र में 21 हजार मकान ऐसे हैं, जिन्होंने निगम से वैध वाटर कनेक्शन तो लिया है, लेकिन उनके घर पर वाटर मीटर नहीं लगा है। ऐसे लोग एवरेज बिलिंग के नाम पर हर माह पानी के बिल का भुगतान करते हैं। इस वजह से नगर निगम को पता लगाने में कठिनाई होती है कि आखिर इन लाभुकों द्वारा कितनी पानी की खपत प्रतिमाह की जा रही है। इसे देखते हुए सभी वाटर कनेक्शनधारियों को मीटर लगाने का आदेश जारी किया गया है।




मानववेदी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में हुआ झारखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी व जोश आर्मी ट्रेनिंग सेंटर का आगाज

# पलामू में शिक्षा का अलख जगा रहा है डेडीकेटेड सोसाइटी : रामेश्वर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज के परिसर में रंगारंग कार्यक्रम के बीच झारखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी के स्टडी सेंटर और जोश आर्मी ट्रेनिंग सेंटर का आगाज हुआ। झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व झारखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. टीएन साहू ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर ओपन यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि पलामू में डेडिकेटेड सोसाइटी द्वारा शिक्षा के सभी क्षेत्र में किया गया गुणवतापूर्ण कार्य पलामू के विद्यार्थियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। डेडिकेटेड टीम के सभी लोगो को उन्होंने बधाई दी। कहा कि इस तरह के मिशन को आगे बढ़ने के लिए सारी बाधाओं को राज्य सरकार दूर करेगी।पलामू में सोसाइटी के सचिव के देख रेख में एक हाई टेक लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्स के सभी सुविधाओ के लिए पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि डेडीकेटेड सोसाइटी पलामू में शिक्षा की रोशनी बिखेर रहा है। जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी तक के छात्रों की पहली पसंद डेडीकेटेड है। यहां के सैकड़ों छात्र डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बन कर देश विदेश में आज नौकरी कर रहे हैं। एनडीसी शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि मैं अपना ग्रेजुएशन ओपन यूनिवर्सिटी से किया हूं। सिविल सेवा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए ओपन यूनिवर्सिटी वरदान साबित होता है। प्रतियोगिता परीक्षा करने वालो के लिए यह सबसे बेहतर माध्यम है।कांग्रेसी नेता और मंत्री प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी ने कहा कि ओपन यूनिवर्सिटी एवं जोश आर्मी ट्रेनिंग सेंटर से यहाँ के विद्यार्थियों को अपना कैरियर को तराशने में सहूलियत होगी। फेमस हड्डी विशेषज्ञ डॉ. अजित कुमार मेहता ने कहा की डेडिकेटेड ने सभी स्तर में शिक्षा को सरल एवं सुलभ बनाया हैं। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल के छात्र अस्मित सम्राट के द्वारा शिव तांडव एवं इसी स्कूल के छात्र द्वारा स्केटिंग डांस कर दर्शको का मन मोह लिया। मानवदेवी के छात्राओं ने शानदार आदिवाशी डांस पर लोगो को झुमाया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल के प्रिंसिपल क्षितिज राज ने किया।



### ई. विनय मेहता व डॉ. श्वेता कुमारी ने क्वालिटी एजुकेशन पर दिया बल

डेडिकेटेड सोसाइटी के सचिव ई. विनय मेहता ने डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल, मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज व डेडिकेटेड अकेदमी के उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही पलामू में जोश आर्मी ट्रेनिग सेंटर एवं झारखण्ड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यहां एकेडमिक व व्यवसायिक शिक्षा दी जायेगी। मानवदेवी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. स्वेता कुमारी ने पलामू में शिक्षा की क्रांति पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सिर्फ जरूरत है उस प्रतिभा को तरसने की। डॉ. श्वेता ने कहा कि मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज पलामू में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पंकज शिवास्तव, रमाकांत मेहता, नंदकिशोर भारती, ई. अजित कुमार, श्याम किशोर सिंह, डॉ श्यामदेव महतो, वार्ड कोमिश्नर नीरा देवी,कुनाल तिवारी, स्वास्तिक सत्यपाल, स्कूल एवं कॉलेज के शिक्षक नीलिमा मिश्रा, निशिकांत पाण्डेय, राजन वर्मा, चन्दन कुमार, स्वेता पाठक, रुपेश, रंजीता गुप्ता, रंजीता कुमारी, उदय कुमार, रविशंकर दुबे व अन्य ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सञ्चालन स्कूल के शिक्षिका आकृति राज एवं अमित कुमार ने किया।

### मुख्यमंत्री ने वीर शहीद चानकु महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल विद्रोह के महान क्रांति वीर शहीद चानकु महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद चानकु महतो ने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ गांव-गांव घूमकर युवाओं को जागरूक और एकजुट कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजों की जड़े हिला दी थीं। उन्हें शत-शत नमन। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें!

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पांच जुलाई से लगेगा अधिक पार्किंग शुल्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नई पार्किंग पॉलिसी के तहत दरों में बदलाव किया गया है। नयी दर पांच जुलाई से लागू होगी। नए नियमों के अनुसार 0 से 8 मिनट तक किसी भी गाड़ी को एंट्री गेट से एग्जिट गेट के बीच कोई शुल्क नहीं देना होगा। आठ मिनट से ज्यादा समय होने पर प्राइवेट गाड़ियों को 30 रुपये और व्यावसायिक गाड़ियों को 115 रुपये देने होंगे।नए पॉलिसी के अनुसार, पार्किंग टैरिफ में भी बदलाव किया गया है। नयी दरों के अनुसार, बस-ट्रक को 30 मिनट तक 170 रुपये देने पडेगे। वही 30 मिनट से 120 मिनट तक 250 रुपय देने होंगे। ऑटो और एक्सयूवी को 30 मिनट तक 20 रुपये देना होगा। 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 35 रुपये देने होंगे।

प्रीमियम कार पार्किंग के लिए 30 मिनट तक 75 रुपये लगेंगे। वहीं 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 80 रुपये लगेंगे। प्राइवेट कारों को 30 मिनट के लिए पार्किंग शुल्क 30 रुपये लगेगा। वहीं 30 मिनट से 120 मिनट तक 40 रुपये देना पड़ेगा। टू-ह्वीलर गाड़ियों को 30 मिनट तक के लिए 10 रुपये देना होगा। 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 15 रुपये देना होगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी पार्किंग दरों को बदला गया है।

कर्मचारियों के लिए पार्किंग शुल्क महीने के हिसाब से बदला गया है। ऑटो ट्रक और मालवाहक गाड़ियों के लिए एक महीना का शुल्क दो हजार रुपये रखा गया है। वहीं टू-ह्वीलर गाड़ियों को एक महीने के लिए 3000 रुपये देने होंगे।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मानहानि केस में समन

**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** कर्नाटक चुनाव में बजरंग दल को लेकर बयानबाजी पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुश्किल में फंस गए हैं। पंजाब के संगरूर कोर्ट ने उन्हें 100 करोड़ के मानहानि केस में समन जारी कर दिया है। संगरूर की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रमनदीप कौर की कोर्ट ने खड़गे को 10 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। हिंदू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिंद के फाउंडर हितेश भारद्वाज ने कोर्ट में दायर पिटीशन में कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने बजरंग दल की तुलना देश विरोधी ताकतों से की। हितेश के मुताबिक खड़गे ने कहा था कि जब भी कांग्रेस की सरकार आती है तो बजरंग दल और इस जैसे दूसरे देश विरोधी संगठन समाज में नफरत फैलाते हैं। पिटीशन कर्ता ने इसे बजरंग दल के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करार दिया।

## पालने में ही पता चला पुत के पांव : प्रथम महापौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि निगम ने एक पत्र लिखकर बस संचालक को एयरपोर्ट से आगे पिंक सिटी बस को ले जाने से मना कर दिया है। प्रथम महापौर ने बताया की निगम द्वारा संचालित एवं मेरे निजी सहयोग से झारखंड में पहला महिलाओं के लिए मात्र 5 रुपया किराए में चल रही पिंक सिटी बस का परिचालन रांची रोड में एयरपोर्ट से आगे जाने के लिए बंद कर दिया गया। जबकि यह निगम की परिधि है। इसके आगे दो-तीन किलोमीटर की परिधि में आने वाले सेक्रेड हार्ट, डीएवी, एलिट नर्सिंग, एलिट बीएड महिला बीएड की मध्यम परिवार की छात्राएं, कर्मियों,बुजुर्ग, महिलाएं एवं सुबह शाम दिहाड़ी पर काम करने वाली महिलाएं इस सेवा से वंचित हो गई। जिनकी कमाई का एक मोटा भाग किराए पर चला जाता है। यहां के चंद नेताओं के चलते परिचालन बंद कर दिया गया। इन नेताओं का कहना था कि महापौर के सहयोग से महिलाओं के लिए संचालित मात्र 5 रुपया में चल रही लोकप्रिय पिंक सिटी बस निगम परिधि से एक कदम भी आगे ना बढ़े। नहीं तो इन नेताओं की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचेगा। अब इन उभरते कलाकारों के चलते दूर से सिंगरा, चैनपुर, शाहपुर, शहर के विभिन्न छात्राओं महिला कर्मी, बुजुर्ग महिलाओं को अपने गंतव्य तक, जो एयरपोर्ट से चंद कदम दूर में होगा। यहां नहीं उतारकर एयरपोर्ट के सामने बीच रास्ते में उतारना पड़ेगा और वहां से पैदल जाने को मजबूर होंगी। प्रथम महापौर ने बताया कि काश इन नेताओं द्वारा आंदोलन किया जाता कि इस सेवा का विस्तार और भी किया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण महिलाएं,बुजुर्ग व मध्यम परिवार की छात्राएं इसका लाभ ले सके। और जहां महीने में इन मध्यम परिवार के लोगों को आने जाने में 1000 से 1200 लग रहा है। उन्हें मात्र 200 से 300 में काम चल जाए। ताकि हजार रुपए की बचत से अपने बच्चों की पढ़ाई, बीमारियों का खर्च या अन्य अपने जरूरत की चीजों को यह महिलाएं पूरा कर सकें। पर ये उभरते कलाकार विकास की जगह विरोध की राजनीति कर अपना अस्तित्व बनाए रखना चाहते हैं। महापौर ने कहा कि कांग्रेस, जेएमएम को महिलाओं के लिए संचालित इस लाभकारी योजना के बारे में कोई शिकायत नहीं है। यह शिकायत सिर्फ दूसरे दल से निकाले गए नए दल में आयातित महापौर का चुनाव लड़ने वाले चंद नेताओं का है। जो विकास की जगह विरोध की राजनीति कर अपने अस्तित्व को बचाए रखना चाहते हैं। महापौर ने कहा कि अब जनता तय करेगी क्योंकि पूत के पांव पालने में पता चलता है। ये बरसाती नेता पिंक सिटी बस का परमिट नहीं होने की बात करते हैं। जबकि इसका परमिट अप्रैल माह में ही निर्गत हुआ है। साथ ही जो हेरिटेज या महिला बीएड कॉलेज की बात करते हैं, उनका अपनी संस्था का लगभग 40 बस है। पिंक सिटी बस उस रूट पर मात्र वैसे लोगों के लिए चलाया जा रहा था जो टेंपो में धक्का खा कर छात्रा या कर्मी कॉलेज या स्कूल जाती थी। जिन्हें सिर्फ 5 रुपया में सुविधा मिल रही थी।



**दूसरे दल के आयातित व बरसाती नेताओं ने एयरपोर्ट से आगे पिंक सिटी बस का परिचालन कराया बंद**

### पायलट ने अपनी ही सरकार के खिलाफ दी आंदोलन की चेतावनी, रखीं तीन मांगें

**जयपुर :** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने सोमवार को अपनी ही सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सरकार के सामने तीन मांगे रखीं और कहा कि इस महीने के आखिर तक यदि ये मांगें नहीं मानी गई, तो पूरे प्रदेश में हम आंदोलन करेंगे। अजमेर से शुरू पांच दिन की जनसंघर्ष यात्रा के समापन पर जयपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए पायलट ने अपनी ही सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर खुलकर प्रहार किए। उन्होंने तीन मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि मेरी पहली मांग है कि भ्रष्टाचार की जननी राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) को भंग करके इसका पुनर्गठन किया जाए। चेयरमैन और सदस्यों के चयन के लिए नए कानून और मापदंड बने और पारदर्शिता से लोगों का चयन हो।

## 2047 तक विकसित देश बन जाएगा भारत : राजनाथ

**एजेंसी**

**पुणे :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में साइबर खतरों में वृद्धि के बीच प्रौद्योगिकी की प्रगति पर जोर देते हुए कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र होगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सिंह ने महाराष्ट्र के पुणे जिले में उन्नत प्रौद्योगिकी रक्षा संस्थान (डीआईएटी) के दीक्षांत समारोह में कहा कि देश अब आत्मनिर्भर बन रहा है और आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार भारत 2027 तक विश्व अर्थव्यवस्था में तीसरे नंबर पर आ जाएगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है. रक्षा क्षेत्र में भी बदलाव आ रहे हैं. हम इस क्षेत्र में कई तकनीकी बदलाव देख सकते हैं. रक्षा क्षेत्र में कई समस्याएं भी उत्पन्न हुई हैं विशेषकर साइबर क्षेत्र में खतरे बढ़े हैं. उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, बदलते परिदृश्य के साथ हमें प्रौद्योगिकी में उन्नयन की ओर बढ़ना होगा. अगर चुनौती है तो समाधान है. अब प्रौद्योगिकी को उन्नत करने के लिए प्रयास होने चाहिए.रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि हमें अन्य देशों से अलग होना चाहिए, लेकिन मकसद यह है कि बुनियादी आवश्यकताओं का निर्माण हम करें और हम उन्हें निर्यात करने में भी सक्षम हों. उन्होंने आगे कहा कि देश में उत्पादों के विनिर्माण से रोजगार सृजन में मदद मिलेगी.राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने सपना देखा है कि भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा. रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अब आत्मनिर्भर देश बन रहा है और भारत के दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता.राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि 2027 तक भारत विश्व अर्थव्यवस्था में तीसरे नंबर पर आ जाएगा. अपने सपने को साकार करने के लिए हमें इस दिशा में काम करना चाहिए. समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि डीआईएटी के 12वें दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनकर उन्हें काफी खुशी हो रही है. उन्होंने कहा कि अपनी स्थापना के समय से ही संस्थान ने उल्लेखनीय काम किया है और (यहां से) आज मैं अपने देश का भविष्य देख सकता हूं.



## बेहतरीन शिक्षकों की टीम से सुसज्जित है संत मरियम स्कूल : प्रो. एचसी वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारत के महान प्रोफेसर,शिक्षाविद,पद्म श्री,डॉक्टर एचसी वर्मा अपने कार्यक्रम के सिलसिले में पलामू दौरे के क्रम में सेमिनार सहित पलामू की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के विभिन्न मुद्दों पर अपना मार्गदर्शन दिया। इसी कड़ी में वे संत मरियम स्कूल के शिक्षकों के साथ संगोष्ठी में शामिल हुए। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रो. एचसी वर्मा ने कहा कि बच्चे अगर देश के भविष्य हैं तो शिक्षक उनके पारखी हैं। जहां बच्चे विद्यालयी शिक्षा का केंद्र होते हैं। बच्चों में ज्ञानार्जन सुनिश्चित करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका एक अध्यापक की होती है। शिक्षण के दौरान, एक शिक्षक रचनात्मकता का उपयोग करता है। ताकि छात्र ध्यान केंद्रित कर सकें। अपनी सोचने की बेहतर क्षमता का विकास कर सकें। एक शिक्षक ज्ञान का भंडार होता है। और उसमें बहुत धैर्य और विश्वास होता है, जो छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी लेता है। शिक्षक प्रत्येक बच्चे की क्षमता का निरीक्षण करता है। तदनुसार उस बच्चे को पढ़ाई में मदद करता है। इस दुनिया में, शिक्षक के पेशे को सबसे अच्छा और आदर्श पेशा माना जाता है। क्योंकि शिक्षक निस्वार्थ रूप से किसी का जीवन बनाने में सेवा करते हैं। उनके समर्पित कार्य की तुलना किसी अन्य कार्य से नहीं की जा सकती। शिक्षक को कभी उनके कार्य का वेतन नही दिया जा सकता है। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का योगदान का कोई मूल्य नहीं है। आदर्श शिक्षक बनने के साथ-साथ प्रो वर्मा ने शिक्षण की विभिन्न शैली सहित अनेक तथ्यों पर अपने अनुभवों को साझा किया। प्रो एचसी वर्मा ने स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव का प्रशंसा करते हुए कहा की पलामू जैसे सुदूरवर्ती इलाके में शिक्षा के क्षेत्र बेहतर परिवर्तन के लिए अविनाश देव बधाई के पात्र है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आवासीय परिसर, बेहतरीन शिक्षकों की टीम के बदौलत निश्चित तौर पर आने वाले समयों में संत मरियम पूरे भारत में एक प्रसिद्ध स्कूल के रूप में जाना जाएगा।

### मॉरिशस के राष्ट्रपति ने दक्षिणेश्वर मंदिर में की पूजा

**कोलकाता।** तीन दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे मॉरिशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन ने सोमवार को प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की है। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद स्वपन दासगुप्ता भी मौजूद थे। धर्मपत्नी को साथ लेकर पृथ्वीराज सिंह ने दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ यहां करीब 45 मिनट तक समय बिताया। दक्षिणेश्वर मंदिर के अक्षी कुशल चौधरी ने यहां उनका स्वागत किया।मां काली की पूजा-अर्चना करने के बाद परिसर में मौजूद भोले बाबा के मंदिर में भी उन्होंने जल चढ़ाया। वे गंगा घाट पर गए और यहां की व्यवस्था देखी। वे दक्षिणेश्वर मंदिर परिसर में मौजूद रामकृष्ण परमहंस के कमरे में भी गए और राधाकृष्ण मंदिर के अंदर जाकर पूजा-अर्चना की। मॉरिशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन कोलकाता में आयोजित एक नागरिक सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हैं।

## यूरोपीय देशों के समूह के साथ टीईपीए पर भारत ने की चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्यों ने व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। ईएफटीए के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता होने से द्विपक्षीय वाणिज्य, निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ब्रसेल्स के दौरे पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ईएफटीए के चारों सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक करके टीईपीए से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के बाद जारी एक बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने व्यापक व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) करने की दिशा में प्रयास जारी रखने से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की।



मंत्रालय के मुताबिक दोनों पक्षों ने अपने प्रयास तेज करने और बातचीत की प्रक्रिया जारी रखने के साथ ही अगले कुछ महीनों में इस तरह की कई बैठकों के आयोजन पर सहमति जताई। इसमें व्यापार समझौते में शामिल महत्वपूर्ण मुद्दों पर समझ विकसित करने पर भी जोर दिया गया। इसके पहले गत 26 अप्रैल को भारत और ईएफटीए ने व्यापार समझौते पर बातचीत बहाल करने से संबंधित तौर-तरीकों पर चर्चा की थी। इस तरह के समझौतों में दोनों कारोबारी पक्ष एक-दूसरे के आयात पर सीमा शुल्क को शून्य या सीमित करने के साथ ही सेवाओं का निर्यात और निवेश बढ़ाने पर सहमत होते हैं।

यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए में आइसलैंड, लीकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। ईएफटीए में शामिल ये चारों देश यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं हैं। दो पक्षों के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते को आधिकारिक तौर पर टीईपीए कहा जाता है। इन देशों को भारत का निर्यात अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 के दौरान 1.67 अरब डॉलर रहा है, इस अवधि में भारत ने 15 अरब डॉलर का आयात किया।